लखनऊ में आज का तापमान



अधिकतम तापमान
33.03 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम तापमान
17.01 डिग्री सेल्सियस

डाक पंजीयन क्रमांक : एसएसपी /एलडब्लू/एनपी-467/24-26    रजि.पंजीयन क्रमांक : आर.एन.आई 62842/94

# विचार सूचक



संस्थापक स्व. डॉ. सूर्य नारायण मिश्र

वर्ष - 34 | अंक- 15 | लखनऊ | मंगलवार 27 मई 2025 | सांध्य संस्करण | ( पृष्ठ-8) | मूल्य मात्र 2 रुपए



## शांति तभी सुरक्षित रहती है जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहते : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली। जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारे पास एकजुट रहने और मजबूत होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए, हमें स्वदेशी ताकत की आवश्यकता है। युद्ध को ताकत की स्थिति में टाला जाना चाहिए। शांति तब सुरक्षित होती है जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और इसलिए ताकत तकनीकी कौशल, पारंपरिक हथियारों की ताकत के अलावा लोगों से भी आती है। आज उपराष्ट्रपति के एन्क्लेव में राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम-चरण 7 के उद्घाटन सत्र में, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर ने हमारी मानसिकता को बड़े पैमाने पर बदल दिया है। हम पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हैं। और यह हमारे शांति के संदेश और आतंकवाद के प्रति हमारी पूर्ण असहिष्णुता को बढ़ावा देने के लिए विदेश गए प्रतिनिधिमंडलों में सभी राजनीतिक परिदृश्यों की भागीदारी में परिलक्षित होता है। और इसलिए, हाल की घटनाओं को देखते हुए, हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। जगदीप धनखड़ ने कहा कि हमारे पास एकजुट रहने और मजबूत होने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए, हमें स्वदेशी ताकत की आवश्यकता है। युद्ध को ताकत की स्थिति में टाला जाना चाहिए। शांति तब सुरक्षित होती है जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहते हैं और इसलिए ताकत तकनीकी कौशल, पारंपरिक हथियारों की ताकत के अलावा लोगों से भी आती है। उन्होंने कहा कि संस्थाओं की तरह, राजनीतिक जनजातियों का भी राष्ट्रीय हित के प्रति नैतिक कर्तव्य है, क्योंकि सभी संस्थाओं के लिए अंतिम केंद्र बिंदु राष्ट्रीय विकास, जन कल्याण और पारदर्शिता, जवाबदेही, ईमानदारी पैदा करना है। धनखड़ ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक प्रगति के मुद्दों पर, सभी गुटों को राष्ट्रीय हित को दलीय प्राथमिकताओं से ऊपर रखना चाहिए। मैं राजनीतिक स्पेक्ट्रम में सभी से गंभीरता से विचार करने और इस निष्कर्ष पर पहुंचने की अपील करूंगा कि आंतरिक सुरक्षा और विकास के मुद्दों पर आम सहमति होनी चाहिए। कभी-कभी राजनीति राष्ट्रवाद और सुरक्षा के लिए बहुत गर्म हो जाती है। यह ऐसी चीज है जिस पर हमें काबू पाना होगा।

## पंडित जवाहरलाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि पर पीएम ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। पूर्व पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने पंडित नेहरू को याद भी किया। पीएम मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हम जो आज सोचते हैं और जो कार्रवाई करते हैं, उससे कल का हिंदुस्तान बनता है। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने एक ऐसे भारत का सपना देखा जो विज्ञान और तकनीक के सहारे आगे बढ़े और आधुनिक विश्व का मुकाबला करे। इसके लिए उन्होंने दर्जनों शैक्षिक, वैज्ञानिक, औद्योगिक, तकनीकी, सामाजिक और आर्थिक संस्थानों की नींव रखी, जो आज भारत की रीढ़ हैं और हमारी प्रगति के स्तंभ के रूप में भारत को मजबूती दे रहे हैं। उनके महान योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। आधुनिक भारत के निर्माता को भावपूर्ण



श्रद्धांजलि एवं नमन। इससे पहले, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पंडित नेहरू को याद करते हुए एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया। उन्होंने लिखा, भारत को शून्य से शिखर तक पहुंचाने वाले, औद्योगिक व विभिन्न क्षेत्रों में विकासशील बनाने वाले, देश को निरंतर विविधता में एकता' का संदेश देने वाले, हमारे प्रेरणास्त्रोत, पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि।

### बुधनी मंझियाइन थी जवाहरलाल नेहरू की एक्सीडेंटल वाइफ

बुधनी मंझियाइन एक संथाली महिला थीं और 1959 तक पश्चिम बंगाल के धनबाद गांव में एक साधारण जीवन जी रही थीं, जब उनके जीवन ने एक अविश्वसनीय मोड़ लिया और तत्कालीन प्रधानमंत्री के एक साधारण इशारे ने आने वाले वर्षों के लिए घटनाओं का रुख बदल दिया। बुधनी मंझियाइन और जवाहरलाल नेहरू के कनेक्शन के बारे में- बुधनी मंझियाइन एक संथाली महिला थीं और 1959 तक पश्चिम बंगाल के धनबाद गांव में एक साधारण जीवन जी रही थीं, जब उनके जीवन ने एक अविश्वसनीय मोड़ लिया और तत्कालीन प्रधानमंत्री के एक साधारण इशारे ने आने वाले वर्षों के लिए घटनाओं का रुख बदल दिया। 6 दिसंबर 1959 को प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पश्चिम बंगाल के धनबाद में दामोदर नदी पर बने बांध का उद्घाटन करने गए थे, जिसे 'बंगाल का शोक' भी कहा जाता है। नेहरू ने तब जोर दिया था कि परियोजना पर काम करने वाली एक महिला उद्घाटन का हिस्सा बने और दामोदर घाटी निगम ने प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए 15 वर्षीय बुधनी के साथ एक संथाली व्यक्ति रावण मांझी को चुना।

## हमें अपने ब्रांड पर, मेड इन इंडिया पर गर्व होना चाहिए : मोदी

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने गुजरात में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि कहा कि हम अपनी जरूरत की ज्यादातर चीजों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहे हैं। पर ये चीजें अब देश में ही उपलब्ध हैं। हमारी जरूरत की 90त्न से अधिक और अच्छी चीजें देश में ही उपलब्ध हैं। हमें उनका इस्तोमल करना चाहिए। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं। अपने दो दिवसीय गुजरात दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात में पिछले दो दशकों में सुधार कार्यों से जुड़े एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान, गांधी नगर के महात्मा मंदिर में 5,536 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का



उद्घाटन व शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमें अपने देश के ब्रांड पर गर्व करना चाहिए। हमें मेड इन इंडिया पर गर्व करना चाहिए। पीएम मोदी ने कहा कि हम अपनी जरूरत की ज्यादातर चीजों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहे हैं। पर ये चीजें अब देश में ही उपलब्ध हैं। हमारी जरूरत की 90त्न से अधिक और अच्छी चीजें देश में ही उपलब्ध हैं। हमें उनका इस्तोमल करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने कहा, %मुझे याद है कि हमने छठे से पांचवें स्थान पर पहुंचने का जश्न मनाया था। यह क्षण विशेष रूप से महत्वपूर्ण था, क्योंकि हमने उसी देश को पीछे छोड़ दिया, जिसने 250 वर्षों तक हम पर शासन किया। अब, जब हम चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, तो तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का दबाव बढ़ रहा है। उससे भी अधिक दृढ़ संकल्प की जरूरत है। यह देश अब इंतजार नहीं करना चाहता। अगर कोई सुझाव देता है कि हमें धैर्य रखना चाहिए, तो आप आवाजें सुन सकते हैं।

### मान ली होती सरदार पटेल की बात तो नहीं होता पहलगाम अटैक : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के गांधीनगर में पाकिस्तान पर फिर हमला बोला और कहा कि उनकी सरकार ने भारत से आतंकवाद का नाश करने का फैसला किया है। उन्होंने गांधीनगर के महात्मा मंदिर में 5,536 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। मैं पिछले दो दिनों से गुजरात में हूँ। कल मैंने वडोदरा, दाहोद, भुज और अहमदाबाद का दौरा किया और आज सुबह गांधीनगर गया। जहाँ भी गया, वहाँ देशभक्ति की लहर सी महसूस हुई, केसर के समुद्र की गर्जना जैसी। केसर के समुद्र की गर्जना, लहराता तिरंगा और हर दिल में मातृभूमि के लिए अपार प्रेम। यह नजारा देखने लायक था, यह एक अविस्मरणीय दृश्य था। सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अगर 1947 में हमने कश्मीर में घुसने वाले मुजाहिद्दीनों को मार गिराया होता तो आज ऐसी स्थिति नहीं आती। पीएम मोदी ने कहा, जब 1947 में बंटवारा हुआ तो उस समय जंजीरें काट देनी चाहिए थीं, लेकिन इसके बजाय देश तीन हिस्सों में बंट गया। इसके तुरंत बाद कश्मीर में पहला आतंकी हमला हुआ और पाकिस्तान ने कश्मीर के एक हिस्से पर कब्जा कर लिया। अगर हमने इन मुजाहिद्दीनों को मार गिराया होता, अगर हमने सरदार पटेल की बात मानी होती, तो वे चाहते थे कि सेना तब तक न रुके जब तक हम पीओके वापस न ले लें।

## तेज प्रताप की पत्नी ऐश्वर्या ने लालू परिवार पर लगाए गंभीर आरोप, कहा- चुनाव की वजह से किया जा रहा ड्रामा



बिहार। तेज प्रताप को लेकर वायरल हो रही तस्वीरों पर उनकी पत्नी ऐश्वर्या राय की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने लालू परिवार और तेज प्रताप पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। बता दें कि तेज प्रताप और ऐश्वर्या का तलाक का केस कोर्ट में चल रहा है। तेज प्रताप यादव की सोशल मीडिया पोस्ट के बाद उठा सियासी तूफान थमने का नाम नहीं ले रहा है। लालू परिवार एक बार फिर से मुश्किलों में फंसता नजर आ रहा है। तेज प्रताप की पत्नी ऐश्वर्या ने लालू परिवार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि ये सब चुनाव को लेकर ड्रामा किया जा रहा है। लालू परिवार पर गंभीर आरोप लगाते हुए तेज प्रताप यादव की पत्नी ऐश्वर्या राय ने कहा कि मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे क्यों पीटा गया? अब अचानक उनमें सामाजिक जागृति आ गई है। वे सब एक हैं। वे अलग नहीं हुए हैं... चुनाव नजदीक हैं, इसलिए उन्होंने ऐसा कदम उठाया और यह ड्रामा किया जा रहा है।ऐश्वर्या राय ने कहा कि सबको पता है कि क्या हुआ। अगर उन्हें (लालू प्रसाद यादव के परिवार को) सब पता था तो उन्होंने मुझसे उसकी शादी क्यों करवाई? मेरी जिंदगी क्यों बर्बाद की गई? मुझे अपने तलाक की जानकारी मीडिया से मिली। मुझे जो भी जानकारी मिली, वह सब मीडिया के जरिए मिली... मुझे नहीं पता था कि क्या हो रहा है... उनसे पूछिए, मेरी जिंदगी बर्बाद करने की क्या जरूरत थी? जब मुझे पीटा गया, तब उनका सामाजिक न्याय कहां था? ऐश्वर्या ने कहा कि वे हर चीज का दोष मुझ पर मढ़ते हैं। अब जब यह बात सामने आ गई है, तो उसका 12 साल से अफेयर चल रहा है और महिला को दोषी ठहराना सबसे आसान है।

### लालू ने तेज प्रताप को परिवार और पार्टी से निकाला

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने रविवार को अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित करने की घोषणा की थी। तेज प्रताप की अनुष्का यादव के साथ एक निजी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह सख्त कदम उठाया था। लालू यादव ने इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा, निजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करती है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण और गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों के अनुरूप नहीं हैं। अत: मैं उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से उसकी किसी भी प्रकार की भूमिका न पार्टी में होगी, न परिवार में।

### अदालत ने यूट्यूबर ज्योति को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा, हिसार कोर्ट में हुई थी पेशी

नई दिल्ली। ज्योति मल्होत्रा को सिविल जज सुनील कुमार की अदालत में पेश किया गया, जहां उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस को ज्योति के मोबाइल से डिलीट की गई कॉल डिटेल की रिपोर्ट मिल गई है। हालांकि अभी लैपटॉप से डिलीट डाटा की रिपोर्ट नहीं आई है। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार ज्योति को हिसार पुलिस पेशी के लिए हिसार कोर्ट लेकर पहुंची थी। ज्योति मल्होत्रा को सिविल जज सुनील कुमार की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। जानकारी के मुताबकि ज्योति को हिसार की सेंट्रल जेल नंबर 2 में रखा जाएगा। यह महिलाओं की जेल है। पेशी के दौरान कोर्ट के अंदर के गेट बंद कर दिए गए थे और भारी पुलिसबल को मौके पर तैनात किया गया था।ज्योति को इससे पहले पांच दिन और दूसरी बार चार दिन के रिमांड पर लिया गया था। रविवार शाम को चार दिन का रिमांड खत्म होने के बाद ज्योति को कोर्ट में पेश किया गया। ज्योति को सुबह ही कोर्ट में पेश किए जाने के कयास लगाए जा रहे थे लेकिन पुलिस ज्योति को करीब साढ़े तीन बजे कोर्ट में लेकर पहुंची।

## पाकिस्तान का दावा : भूखे पेट रहकर भी अपना रक्षा बजट बढ़ाएगा इस्लामाबाद

नई दिल्ली। पाकिस्तान अभी 21 लाख 15 हजार करोड़ के कर्ज में डूबा है। बावजूद इसके वो अपना रक्षा बजट करीब करीब एक चौथाई बढ़ाना चाहता है। ताकी सेना के हथियार भंडार फिर से भर सके। 2024-25 में पाकिस्तान का रक्षा बजट 2 लाख10 हजार करोड़ रुपए था। 2025-26 के लिए पाकिस्तान इसे 2 लाख 50 हजार करोड़ करने जा रहा है। रक्षा बजट में बढ़ोतरी ऐसे वक्त हुई है जब महंगाई दर 38 फीसदी पार कर चुकी है और विदेशी मुद्रा भंडार 3 अरब से नीचे है। पाकिस्तान अभी भी अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के कार्यक्रम के तहत है जिसने गैर-जरूरी खर्चों को कम करने और पारदर्शिता बढ़ाने को कहा है। पाकिस्तानी सरकार ने यह खर्च सुरक्षा कारणों से सही ठहराया, खासकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हालिया आतंकी हमले और भारत के साथ सीमा पर हुई झड़पों के कारण। अधिकारियों का कहना है कि इन घटनाओं की वजह से सैन्य तैयारियां बढ़ाना अनिवार्य था। पाकिस्तान का कर्ज-जीडीपी अनुपात लगभग 70त्न है, 2024 में व्यापार घाटा 25 अरब का है और आयात कवर सीमित है। 7 अरब के बेलआउट पैकेज में कड़े आर्थिक नियंत्रण शामिल हैं और विशेषज्ञों का मानना है कि रक्षा खर्च बढ़ाने से इन शर्तों को पूरा करना और कठिन हो जाएगा। केंद्रीय बजट प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ की विदेश यात्रा व ईद की छुट्टियों के कारण देर से पेश हुआ और माना जाता है कि यह ढ्ढरूस्न से बातचीत के चलते टला। ढ्ढरूस्न ने बार-बार गैर-जरूरी खर्चों पर रोक लगाने व राजस्व बढ़ाने के



लिए प्रेरित किया है, पर अधिकतर सरकारी खर्च सेना व इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर होता है। एक बड़ा विवादास्पद प्रोजेक्ट डियामेर-भाषा डेम है, जो गिलगित-बाल्टिस्तान के विवादित क्षेत्र में .14 अरब का पनबिजली प्रोजेक्ट है। इसका उद्देश्य 4,500 मेगावाट बिजली उत्पादन और 8 मिलियन एकड़ फीट पानी का भंडारण है; मगर यह प्रोजेक्ट वित्तीय, तकनीकी और भू-राजनीतिक कारणों से वर्षों से रुका हुआ है। अर्थशास्त्री डॉ. कैसर बंगाली ने चेताया कि रक्षा व बड़े प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता देना सामाजिक खर्चों में कटौती करेगा और आर्थिक सुधारों में बाधा बनेगा, जिससे आम लोगों पर बुरा असर पड़ेगा। जनता पर दबाव बढ़ता नजर आ रहा है - खाद्य पदार्थों के दाम आसमान छू रहे हैं, ईंधन महंगा हो गया है और रोजमर्रा की चीजें आम लोगों की पहुंच से बाहर हो रही हैं। सरकारी कर्मचारियों की सेलरी रुकी है।

## सीएम नीतीश ने फिर की हैरान करने वाली हरकत

### अधिकारी के सिर पर धर दिया गमला



पटना। बिहार के सीएम नीतीश कुमार की कुछ हरकतें सोशल मीडिया पर आजकल वायरल हो जा रही हैं। इसी कड़ी में आज बिहार के पटना में एलएन मिश्रा इंस्टीट्यूट में आयोजित एक कार्यक्रम में नीतीश कुमार ने एसीएस शिक्षा एस सिद्धार्थ के सिर पर फूलदान रखा, जिसे देखकर वहां मौजूद लोग हंस पड़े। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। डॉ एस सिद्धार्थ ने जैसे ही सीएम का स्वागत गमला देकर किया वैसे ही नीतीश ने तत्काल ही वह गमला उनके सिर पर रख दिया। इस साल मार्च की शुरुआत में, पटना में सेपक टाकरा विश्व कप के उद्घाटन के बाद जब राष्ट्रगान की घोषणा की गई तो नीतीश कुमार अचानक मंच से उतर गए। बाद में, जब राष्ट्रगान बजाया गया, तो वे मुस्कुराते हुए खड़े हो गए और खड़े लोगों की ओर हाथ हिलाया। एक अन्य घटना में, कुमार को एक सार्वजनिक समारोह में एक महिला के कंधों पर हाथ रखते हुए देखा गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मंच पर थे। केंद्रीय और राज्य परियोजनाओं के लिए डमी चेक वितरित करते समय एक मध्यम आयु वर्ग की ग्रामीण महिला यह समझ पाने में विफल रही कि शाह उसे दर्शकों की ओर मुड़कर फोटो खिंचवाने के लिए कह रहे थे। इस दौरान नीतीश कुमार ने उनका हाथ खींचा और उन्हें पत्रकारों के सामने खड़ा कर दिया। उन्होंने उनके कंधे पर हाथ रखा। इससे पहले नीतीश कुमार का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छूने का वीडियो वायरल हुआ था। इस तरह की घटनाएं विपक्षी दलों के लिए मुद्दा बन गई हैं। आरजेडी और कांग्रेस ने कुमार के इस्तीफे की मांग की है। वहीं, तेजस्वी यादव ने नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में शामिल न होने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की आलोचना की।

## बिहार चुनाव : महागठबंधन में शामिल होने को उत्सुक ओवैसी, जल्द होगी घोषणा

नई दिल्ली। बिहार में एआईएमआईएम के नेता आरजेडी नेताओं के संपर्क में हैं। एआईएमआईएम के एक राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बताया कि हम महागठबंधन के साथ गठबंधन करने में रुचि रखते हैं। हम इसे लेकर बहुत सकारात्मक हैं। हमारी विचारधारा भाजपा को हराना और बिहार को सशक्त बनाना है। बिहार में इस साल चुनाव है। सभी राजनीतिक दल अपने-अपने समीकरण साधने की कोशिश में हैं। वहीं, अब तक विपक्षी दल इंडिया से दूरी बनाए रखने के बाद, असदुद्दीन ओवैसी की अगुवाई वाली ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) राज्य विधानसभा चुनावों के लिए बिहार में आरजेडी के नेतृत्व वाले महागठबंधन में शामिल होने को लेकर उत्सुक है। लालू प्रसाद और तेजस्वी प्रसाद यादव के नेतृत्व वाली आरजेडी के अलावा विपक्षी महागठबंधन में कांग्रेस और वामपंथी दल शामिल हैं। बिहार में एआईएमआईएम के नेता आरजेडी नेताओं के संपर्क में हैं। एआईएमआईएम के एक राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बताया कि हम महागठबंधन के साथ गठबंधन करने में रुचि रखते हैं। हम इसे लेकर बहुत सकारात्मक हैं। हमारी विचारधारा भाजपा को हराना और बिहार को सशक्त बनाना है। भाजपा के साथ हमारी लड़ाई कांग्रेस की तरह ही है। हम चाहते हैं



कि महागठबंधन में एआईएमआईएम को भी शामिल किया जाए। एआईएमआईएम 2020 के राज्य विधानसभा चुनावों में अपने प्रदर्शन से उत्साहित है, जब उसने बीएसपी और राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (आरएलएसपी) के साथ मिलकर तीसरा मोर्चा बनाया था। तब एआईएमआईएम ने 20 सीटों पर चुनाव लड़कर पांच सीटें जीतकर सनसनी फैला दी थी। पार्टी को इन 20 सीटों पर 14.28त्न वोट मिले थे। बीएसपी 78 सीटों पर चुनाव लड़कर केवल एक सीट जीत सकी, जबकि आरएलएसपी 99 सीटों पर चुनाव लड़ने के बावजूद अपना खाता खोलने में विफल रही। एआईएमआईएम ने सीमांचल में राजद को बड़ा नुकसान पहुंचाया था और महागठबंधन सरकार बनाने के चुक गई थी। वहीं, असदुद्दीन ओवैसी बिहार के मुस्लिम बहुल सीमांचल क्षेत्र से अपनी पार्टी के चुनाव अभियान की शुरुआत कर चुके हैं। एआईएमआईएम की पिछली कोशिश लोकसभा चुनाव के दौरान आरजेडी के विरोध के कारण महागठबंधन में शामिल होने की विफल हो गई थी। इस असंगतता पर सवाल उठाते हुए आदिल ने कहा- अगर महागठबंधन विकासशील इंसान पार्टी को वापस ले सकता है, जो 2020 में एनडीए के साथ थी, तो एआईएमआईएम क्यों नहीं? एआईएमआईएम की बिहार इकाई के अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने कहा कि उन्होंने सांसदों और विधायकों के माध्यम से गठबंधन के हित को व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, कोई भी पार्टी अकेले भाजपा-जद(यू) गठबंधन का मुकाबला नहीं कर सकती। समान विचारधारा वाली ताकतों को एक साथ आना चाहिए। भाजपा सांप्रदायिक बयानों का इस्तेमाल करती है, लेकिन कई विपक्षी दल मुसलमानों को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करते हैं। ओवैसी दोनों के खिलाफ खड़े हैं।

### अब नया मनुवाद, रिक्त आरक्षित पदों को लेकर मोदी सरकार पर राहुल ने बोला हमला

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उच्च शिक्षा संस्थानों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के खिलाफ व्यवस्थागत भेदभाव किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि योग्य उम्मीदवारों को उपयुक्त नहीं पाया गया (एनएफएस) कहकर खारिज करने की प्रथा मनुवाद का एक नया रूप है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों के एक समूह के साथ संवाद में यह दावा भी किया मोदी सरकार शिक्षा रूपी हथियार को कुंद करने में लगी हुई है। उन्होंने बीते 22 मई को दिल्ली विश्वविद्यालय परिसर का दौरा किया था और छात्रों से बातचीत की थी। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'नॉट फाउंड सूटेबल' अब नया मनुवाद है। एससी /एसटी/ओबीसी के योग्य उम्मीदवारों को जानबूझकर 'अयोग्य' ठहराया जा रहा है - ताकि वे शिक्षा और नेतृत्व से दूर रहें। उनके मुताबिक, बाबासाहेब डॉ बी आर आंबेडकर ने कहा था- शिक्षा बराबरी के लिए सबसे बड़ा हथियार है। लेकिन मोदी सरकार उस हथियार को कुंद करने में जुटी है। दिल्ली विश्वविद्यालय में 60 प्रतिशत से ज़्यादा प्रोफ़ेसर और 30 प्रतिशत से ज़्यादा एसोसिएट प्रोफ़ेसर के आरक्षित पदों को नॉट फाउंड सूटेबल बताकर खाली रखा गया है। उन्होंने दावा किया कि यह कोई अपवाद नहीं है क्योंकि आईआईटी, केंद्रीय विश्वविद्यालय..., हर जगह यही साज़िश चल रही है। उन्होंने कहा कि नॉट फाउंड सूटेबल संविधान पर हमला है और सामाजिक न्याय के साथ धोखा है। राहुल गांधी ने कहा, यह सिर्फ़ शिक्षा और नौकरी की नहीं - हक़, सम्मान और हिस्सेदारी की लड़ाई है। मैंने छात्रों से बात की। अब हम सब मिलकर भाजपा/आरएसएस की हर आरक्षण-विरोधी चाल को संविधान की ताक़त से जवाब देंगे। वीडियो में उन्होंने यह दावा भी किया कि हिंदुत्व प्रोजेक्ट का मकसद दलित, आदिवासी और ओबीसी वर्गों के इतिहास को मिटाना है।

## अहिल्याबाई का संदेश आज भी प्रासंगिक

**अजय दीक्षित**

18 वी सदी के उत्तरार्ध में मालवा के महेश्वर से निकला राजमाता अहिल्याबाई का धर्म संरक्षण और गरीबों को समर्पित संदेश आज भी सार्थक और प्रासंगिक है। इंदौर की रानी अहिल्याबाई का जन्म 1725 में 31 मई को महाराष्ट्र के अहमदनगर में चोंडी नामक गैर सामंती परिवार में हुआ था।31 मई 2025 को 300 वर्ष वी जयंती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस दिन भोपाल जंबूरी मैदान से अहिल्याबाई का संदेश राष्ट्र को देंगे। अहिल्याबाई एक रानी ही नहीं थी बल्कि सनातन धर्म की ध्वज वाहिका भी थी। उन्होंने अपने पति और मालवा नरेश खांडे राव की मृत्यु के बाद जा चारों ओर से राजाओं ने मालवा पर आक्रमण करने की योजना बनाई तो विधवा अहिल्याबाई ने 60 वर्षों की आयु में महिलाओं की तलवार से युक्त सेना बनाई और भाजे राव पवार, शिंदे को करारा जवाब दिया हार कर सेना जो हमला करने वाली थी वह लौट गयी। उसके बाद रानी अहिल्याबाई ने मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने ऐसा राज्य बनाया जिसमें गरीबों की तमाम योजना बनाई गई थी। इतना ही नहीं तत्कालीन समय में जब मुगलों की ताकत कम हो रही थीं और मराठा शक्ती का उदय हो रहा था तब उन्होंने दिल्ली पर कब्जा करने के लिए पेशवा बाजी राव की मदद की। उनके शासन के समय बंगाल में ब्रिटिश का कब्जा हो गया था और ब्रिटिश उड़ीसा विहार, उत्तर भारत में अपने पैर जमाना चाहते थे। अहिल्याबाई ने सनातन धर्म के बद्रीनाथ, गंगोत्री, काशी विश्वनाथ, सोमनाथ मंदिर आदि का जीर्णोद्धार कराया। इतिहासकार रूत्र मजूमदार लिखते हैं कि अहिल्याबाई ने संपूर्ण उत्तर भारत, पश्चिमी प्रदेश में मंदिरों को सुधरवाया और यात्रियों के लिए अन्न क्षेत, धर्मशालाएं बनवाई, कुएं खुदवाए, बाबरिया, स्थापित कराई। और ये कार्य उन्होंने ऐसे काल खंड में किए जब सनातन धर्म संकट में था ।पूरे भारत में मुस्लिम शासक थे या ब्रिटिश काल आरंभ हो रहा था ईस्ट इंडिया कंपनी पूरे भारत पर पैर जमा रही थी, हिंदुओं की दुर्दशा थी हिन्दू धर्म पर जजिया कर लगा था। एक बार उनके लिए माले राव ने गाय के बछड़े को रथ से कुचल दिया और उसकी गाय ने अहिल्याबाई का रथ के सामने धरना दे दिया।इस बात का जब पता चला कि मलेराव ने बछड़ा मारा तो अहिल्याबाई ने एक निष्पक्ष शासक के मिशाल देते हुए अपने पुत्र मलेराव को हाथी से कुचलवाने का आदेश दिया, ऐसी थीं अहिल्याबाई रानी। रानी अहिल्याबाई ने इंदौर का महल छोड़कर नर्मदा नदी के किनारे महेश्वर में अपना घर बनाया और राज भी वही से किया ।31मई को उनकी 300 वी जयंती है। इतिहासकार ने अहिल्याबाई का जीवन चरित्र की आजादी के बाद अनदेखी की हमे अलाउद्दीन खिलजी, अकबर महान, करके पढ़ाया गया देश की अहिल्याबाई जैसी विशाल शख्सियत से दूर ही रखा , ।भारतीय जनता पार्टी ने अहिल्याबाई रानी के जीवन चरित्र पर एक लाइट एंड साउंड शो भी अभी हाल ही में इंदौर में आयोजित किया गया था और अब 31मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जंबूरी मैदान भोपाल में एक कार्यक्रम करने जा रहे हैं। मई 2025 को 300 वर्ष वी जयंती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस दिन भोपाल जंबूरी मैदान से अहिल्याबाई का संदेश राष्ट्र को देंगे। अहिल्याबाई एक रानी ही नहीं थी बल्कि सनातन धर्म की ध्वज वाहिका भी थी। उन्होंने अपने पति और मालवा नरेश खांडे राव की मृत्यु के बाद जा चारों ओर से राजाओं ने मालवा पर आक्रमण करने की योजना बनाई तो विधवा अहिल्याबाई ने 60 वर्षों की आयु में महिलाओं की तलवार से युक्त सेना बनाई और भाजे राव पवार, शिंदे को करारा जवाब दिया हार कर सेना जो हमला करने वाली थी वह लौट गयी। उसके बाद रानी अहिल्याबाई ने मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने ऐसा राज्य बनाया जिसमें गरीबों की तमाम योजना बनाई गई थी। इतना ही नहीं तत्कालीन समय में जब मुगलों की ताकत कम हो रही थीं और मराठा शक्ती का उदय हो रहा था तब उन्होंने दिल्ली पर कब्जा करने के लिए पेशवा बाजी राव की मदद की। उनके शासन के8 समय बंगाल में ब्रिटिश का कब्जा हो गया था और ब्रिटिश उड़ीसा विहार, उत्तर भारत में अपने पैर जमाना चाहते थे। अहिल्याबाई ने सनातन धर्म के बद्रीनाथ, गंगोत्री, काशी विश्वनाथ, सोमनाथ मंदिर आदि का जीर्णोद्धार कराया। इतिहासकार रूत्र मजूमदार लिखते हैं कि अहिल्याबाई ने संपूर्ण उत्तर भारत, पश्चिमी प्रदेश में मंदिरों को सुधरवाया और यात्रियों के लिए अन्न क्षेत, धर्मशालाएं बनवाई।



**इतिहासकार रूत्र मजूमदार लिखते हैं कि अहिल्याबाई ने संपूर्ण उत्तर भारत, पश्चिमी प्रदेश में मंदिरों को सुधरवाया और यात्रियों के लिए अन्न क्षेत, धर्मशालाएं बनवाई, कुएं खुदवाए, बाबरिया, स्थापित कराई। और ये कार्य उन्होंने ऐसे काल खंड में किए जब सनातन धर्म संकट में था ।पूरे भारत में मुस्लिम शासक थे या ब्रिटिश काल आरंभ हो रहा था ईस्ट इंडिया कंपनी पूरे भारत पर पैर जमा रही थी, हिंदुओं की दुर्दशा थी हिन्दू धर्म पर जजिया कर लगा था। एक बार उनके लिए माले राव ने गाय के बछड़े को रथ से कुचल दिया और उसकी गाय ने अहिल्याबाई का रथ के सामने धरना दे दिया ।इस बात का जब पता चला कि मलेराव ने बछड़ा मारा तो अहिल्याबाई ने एक निष्पक्ष शासक के मिशाल देते हुए अपने पुत्र मलेराव को हाथी से कुचलवाने का आदेश दिया, ऐसी थीं अहिल्याबाई रानी। रानी अहिल्याबाई ने इंदौर का महल छोड़कर नर्मदा नदी के किनारे महेश्वर में अपना घर बनाया और राज भी वही से किया ।**

# धुएं से मुक्त रसोई होनी चाहिए

**प्रमिला लूणकरणसर**

**ऐसे ईंधन के उपयोग से जुड़े घरों में महिलाओं को आंखों में जलन, सिरदर्द, और फेफड़ों की कार्यक्षमता में गिरावट जैसी समस्याएं अधिक होती हैं। यह सिर्फ बीमारी की बात नहीं है, यह एक ऐसी सामाजिक चुप्पी की बात है, जो सदियों से रूढ़िवादी सोच को ढ़ोते हुए यह मान चुकी है कि औरत की तकलीफ़ उसके कर्तव्यों का हिस्सा है। लेकिन सवाल यह उठता है कि यह कैसा कर्तव्य है जो किसी के स्वास्थ्य को निगल जाए? दरअसल, रसोई महज़ एक खाना पकाने की जगह नहीं है, यह एक ऐसी जगह है, जहां रोज़ एक स्त्री खुद को धुएं में जलाती है। गर्मी हो या बारिश, बीमारी हो या थकान, उसे रुकने की इजाज़त नहीं है। यह एक ऐसी गलत परंपरा है, जो पितृसत्तात्मक समाज द्वारा पीढ़ियों से महिलाओं को ज़बरदस्ती ढोने पर मजबूर किया जाता है। यह वह चक्र है, जो उसके जन्म होने से शुरू होता है और बुढ़ापे तक चलता है। जिसे अक्सर समाज अनदेखा कर देता है। वह कभी इन बातों को महसूस ही नहीं कर पाता है कि एक महिला को भी वह सभी सुविधाएं और अधिकार पाने का हक़ है, जिसे समाज केवल पुरुष का अधिकार समझता है। इसके लिए पहले उसे अपने नज़रिये को बदलना होगा. उस सोच से बाहर निकलना होगा जो महिलाओं को किचन और चारदीवारी तक सीमित रखने की तर्कहीन वकालत करता है. हमें यह समझना होगा कि तकनीक और सुविधा पर सबसे पहला अधिकार उसी का है जो सबसे ज्यादा श्रम करते हैं।**

तकनीक चाहे जितनी आगे बढ़ जाए, पर गांव की रसोई में महिला अब भी उसी जगह ठहरी हुई हैं जहां हर सुबह धुएं से भरा चूल्हा उनका इंतज़ार कर रहा होता है। लकड़ी, गोबर और सूखे पत्तों से जलता यह चूल्हा सिर्फ उनका वक़्त ही नहीं बल्कि उसकी सांसें, आंख और शरीर के हिस्सों को भी धीरे-धीरे बीमार करता रहता है। यह केवल एक रसोई की तस्वीर नहीं है, बल्कि पितृसत्ता के उस ढांचे की झलक होती है, जो महिलाओं को सुविधाएं प्राप्त करने का अधिकारी मानता ही नहीं है। यह स्थिति देश के किसी एक गांव की नहीं होती है, बल्कि बिहार से लेकर पहाड़ी राज्य उत्तराखंड और बर्फीले क्षेत्र जम्मू कश्मीर से लेकर रेगिस्तानी इलाका राजस्थान तक एक समान तस्वीर देखने को मिल जाएगी। राजस्थान के बीकानेर स्थित लूणकरणसर ब्लॉक से 19 किमी दूर राजपुरा हुड्डान गांव भी यही तस्वीर पेश करता है. करीब 3200 की आबादी वाले इस गांव की कई महिलाएं अब भी खाना बनाने के लिए मीलों चलकर लकड़ियां बटोरती हैं। अक्सर उनके साथ घर की किशोरियां भी होती हैं. जो स्कूल जाकर अपना समय पढ़ाई या किसी रचनात्मक कार्य में लगा सकती थीं, उसे वह सिर्फ इसलिए गंवा रही हैं क्योंकि समाज मान बैठा है कि खाना बनाना तो घर की औरतों और लड़कियों का काम है। हालांकि 2016 में केंद्र सरकार की शुरू की गई उज्ज्वला योजना ने इस गांव के बहुत से घरों की महिलाओं के खाना बनाने के काम को आसान ज़रूर किया है, लेकिन फिर भी उनके कदम रसोई घर से बाहर नहीं निकल सके हैं. यह महिलाएं अब इसी बात पर संतोष कर लेती हैं कि उन्हें आज उन्हें धुएं वाले चूल्हे से आज़ादी मिली है, एक दिन चारदीवारी से भी मिल जाएगी। चालीस वर्षीय जमना देवी कहती हैं कि जब से घर में गैस सिलेंडर आया है, जीवन बहुत हद तक आसान हो गई है. पहले मिट्टी के चूल्हे पर 7 लोगों का खाना बनाना पड़ता था. दोपहर की तपती धूप में धुएं के बीच खाना बनाना से तबीयत ख़राब हो जाती थी. लेकिन उसी हालत में हमें चूल्हा फूंकना पड़ता था. अब सिलेंडर आ जाने से कम से कम



उस नरक से छुटकारा तो मिला. कुछ ऐसी ही ख़ुशी 11वीं में पढ़ने वाली गुड्डी को भी है. जिसे पिछले तीन सालों से अब लकड़ियां चुनने के लिए मां बाहर नहीं भेजती है. वह कहती है कि अब इस बचे हुए समय का उपयोग वह घर के अन्य कामों को निपटाने के लिए करती है ताकि उसे पढ़ने का पूरा समय मिल सके. यानी पढ़ने से पहले उसे भी रसोई और अन्य कामों को करना पड़ता है. लेकिन इस काम से उसके भाइयों को आज़ादी मिली हुई है। लेकिन गांव के कुछ घर ऐसे भी हैं जहां की महिलाओं के हिस्से में अभी भी धुएं वाले चूल्हे लिखे हुए हैं. किसी के पास आज तक सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो सका है तो कोई उसे आपातकाल के लिए संभालकर रखती हैं, और रोज़ की ज़रूरत के लिए फिर उसी धुएं भरे चूल्हे पर लौट जाती हैं। 32 वर्षीय संतोष देवी कहती हैं कि हमारा परिवार बड़ा है. एक सिलेंडर मुश्किल से 15 दिन चल पाता है. जिसे दोबारा भरवाने में पैसे लगते हैं. इसीलिए हम इसे बहुत ज़रूरी होने पर ही खर्च करते हैं. अधिकतर समय इन्हीं चूल्हे के धुएं के बीच समय गुज़रता है। कालो देवी कहती हैं कि हमें आज तक इस योजना का लाभ नहीं मिल सका है. चूल्हा जलाने के लिए हमें तपते रेगिस्तान में लकड़ियां चुनने के लिए दूर दूर तक चलना पड़ता है. कालो देवी की पड़ोसन विमला कहती हैं कि हमने उज्ज्वला का नाम सुना है, लेकिन हमें आज तक यह नहीं पता है कि इसके लिए कहां आवेदन देनी होगी? कई बार हमने प्रयास किया कि हमारे परिवार को भी इसका लाभ मिल जाए, लेकिन अभी तक नहीं हुआ है. हमारी ज़िंदगी तो धुएं के बीच बीत गई, लेकिन हम चाहते हैं कि हमारी बच्चियों को यह सुविधा मिल जाए. एक अध्ययन के अनुसार 2016 में राजस्थान में ष्टह्रक्कष्ठ (क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) से मृत्यु दर देश में सबसे अधिक थी, और श्वसन रोगों से होने वाली मौतें दूसरे स्थान पर थीं। 1990 में, राजस्थान में श्वसन रोगों से कुल मौतों में से 3.4त्न ष्टह्रक्कष्ठ के कारण थीं, जो 2016 में बढ़कर 7त्न हो गईं। वहीं जोधपुर, राजस्थान में किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि 43.1त्न महिलाएं मुख्य रूप से बायोमास ईंधन का उपयोग करती हैं, जबकि केवल 19.7त्न महिलाएं ही पूरी तरह से एलपीजी पर निर्भर हैं। बायोमास उपयोगकर्ताओं के घरों में क्क2.5 स्तर एलपीजी उपयोगकर्ताओं की तुलना में अधिक पाया गया। एक अन्य अध्ययन में राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में बायोमास ईंधन का उपयोग करने वाली महिलाओं में श्वसन लक्षणों की व्यापकता अधिक पाई गई है।

# तेज प्रताप की प्रेम लीला पर चला लालू का सियासी चाबुक

**अजय कुमार**

*जेडीयू के प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि यह पूरा मामला जनता को भ्रमित करने और सहानुभूति बटोरने की कोशिश है। उन्होंने लालू परिवार पर सत्ता के लिए ड्रामा रचने का आरोप लगाया। बीजेपी के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि तेज प्रताप का आचरण 'जंगलराज' की याद दिलाता है, जो बिहार में लालू राज का प्रतीक रहा है। इन बयानों से स्पष्ट है कि विपक्ष इस मुद्दे को 2025 के विधानसभा चुनावों तक जिंदा रखना चाहता है। तेज प्रताप के पार्टी से निष्कासन ने उनके भाई और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की भूमिका को भी केंद्र में ला दिया है। तेजस्वी यादव इस समय आरजेडी के सबसे मजबूत और सर्वस्वीकार्य नेता माने जाते हैं। वे विपक्ष के नेता हैं और अगली बार मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदार भी। तेजस्वी ने इस मामले में साफ कहा कि पार्टी किसी भी तरह की अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं करेगी। उनका यह रुख न केवल उनके नेतृत्व कौशल को दर्शाता है, बल्कि यह भी संकेत देता है कि वह पार्टी में अपनी पकड़ मजबूत कर चुके हैं। कुछ राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि तेज प्रताप को तेजस्वी की बढ़ती लोकप्रियता और संगठनात्मक पकड़ से असुरक्षा महसूस होने लगी थी, और यही कारण था कि वे बार-बार मीडिया और सोशल मीडिया पर ऐसे बयान और हरकतें कर रहे थे ।*

बिहार की राजनीति एक बार फिर से उस मोड़ पर आ गई है जहां निजी रिश्ते, पारिवारिक कलह और सत्ता की लड़ाई एक-दूसरे में उलझती नज़र आ रही हैं। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के मुखिया और बिहार के कद्दावर नेता लालू प्रसाद यादव ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी और परिवार से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। यह फैसला जितना चौंकाने वाला है, उतना ही बिहार की राजनीति में दूरगामी प्रभाव डालने वाला भी साबित हो सकता है। तेजप्रताप का राजनीतिक जीवन हमेशा से विवादों में रहा है, लेकिन इस बार मामला निजी रिश्तों से शुरू होकर सार्वजनिक शर्मिंदगी, पार्टी अनुशासन और संवैधानिक संकट तक जा पहुंचा है। तेज प्रताप यादव ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की, जिसमें उन्होंने अनुष्का यादव नाम की एक युवती के साथ अपनी कथित शादी की तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों में दोनों शादी के जोड़े में नजर आ रहे थे, और इसके साथ ही उन्होंने एक भावुक पोस्ट में लिखा कि यह प्रेम कहानी 12 साल पुरानी है और अब उन्होंने इसे शादी के बंधन में बदल दिया है। इस खुलासे के बाद सोशल मीडिया पर हंगामा मच गया, राजनीतिक गलियारों में खलबली मच गई और मीडिया में तेज प्रताप की 'गुप्त शादी' की चर्चा हर ओर होने लगी। लेकिन कुछ ही घंटों बाद तेज प्रताप ने एक वीडियो जारी कर सफाई दी कि उनका इंस्टाग्राम अकाउंट हैक हो गया था और ये तस्वीरें फर्जी थीं, एडिट की गई थीं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि तस्वीरें कहां से आई, किसने बनाई, और उनका अनुष्का यादव से क्या संबंध है। तेजप्रताप की सफाई ने विवाद को थमाया



नहीं, बल्कि उसे और गहरा कर दिया। सोशल मीडिया पर पहले ही उनके अनुष्का यादव के साथ पुराने वीडियो और तस्वीरें वायरल हो चुकी थीं। इनकी पुष्टि करने वाली कई खबरें आने लगीं। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया कि दोनों ने कुछ साल पहले आर्य समाज मंदिर में शादी की थी और अनुष्का अब कानूनी रूप से उनकी पत्नी होने का दावा कर सकती हैं।

दूसरी ओर, तेज प्रताप का अपनी पहली पत्नी ऐश्वर्या राय से तलाक का मामला अब तक अदालत में लंबित है। ऐश्वर्या, पूर्व मुख्यमंत्री दरोगा राय की पोती और वरिष्ठ कांग्रेस नेता चंद्रिका राय की बेटी हैं। ऐसे में तेज प्रताप की दूसरी शादी वैध नहीं मानी जा सकती। हिंदू विवाह अधिनियम के तहत जब तक पहली पत्नी से तलाक नहीं हो जाता, तब तक दूसरी शादी अपराध मानी जाती है, जो तेज प्रताप की विधायकी को भी संकट में डाल सकती है। लालू प्रसाद यादव ने इस पूरे मामले को बेहद गंभीरता से लिया और तेज प्रताप को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। इस फैसले को उन्होंने पार्टी और परिवार की गरिमा के लिए जरूरी बताया। लालू यादव ने कहा कि तेज प्रताप की गतिविधियों से न सिर्फ पार्टी की साख पर असर पड़ा है, बल्कि यह सामाजिक न्याय की राजनीति के मूल्यों के भी खिलाफ है, जिसके लिए आरजेडी दशकों से लड़ती रही है। लालू प्रसाद यादव के इस निर्णय से यह स्पष्ट हो गया कि वह अपनी राजनीतिक विरासत को तेज प्रताप के बजाय तेजस्वी यादव को सौंपना चाहते हैं और तेज प्रताप के अनियंत्रित बयानों, व्यवहार और विवादों से अब वे पूरी तरह तंग आ चुके हैं। इस फैसले ने राजनीतिक रूप से भी कई नई संभावनाओं को जन्म दिया है। बीजेपी और जेडीयू जैसे विरोधी दलों ने इस मौके को हाथों-हाथ लिया और लालू परिवार की कलह पर तीखी टिप्पणियां कीं।

# राष्ट्र की बात आती है तब दल नहीं योग्यता प्रमुख

**डॉ. घनश्याम बादल**

**एक तरह से देखें तो कांग्रेस का पक्ष अनुचित नहीं है क्योंकि हर दल को अपने उपयुक्त नेता को ऐसे प्रतिनिधिमंडलों में शामिल कराने का अधिकार है, लेकिन सरकार का कहना है कि उसने ऐसी कोई सूची मांगी ही नहीं थी तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जिन नेताओं को उसने योग्य पाया उनका चयन इन प्रतिनिधिमंडलों में किया गया है। इस दृष्टि से सरकार का पक्ष भी सही है क्योंकि जब राष्ट्र की बात आती है तब दल नहीं योग्यता प्रमुख हो जाती है। इसका उदाहरण स्वयं कांग्रेस की नरसिंह राव के नेतृत्व वाली सरकार ने उस समय दिया था जब 1994 में संयुक्त राष्ट्र में भारत का पक्ष रखने के लिए उसने अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल भेजा था तो कह सकते हैं कि ऐसी परंपरा की शुरु आत स्वयं कांग्रेस ने की थी।वैसे ऐसा भी नहीं है कि पहली बार किसी सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश में भेजे हैं। इससे पूर्व भी ऐसे प्रतिनिधिमंडल भेजे जाते रहे हैं। 2008, 1971 एवं 1965 में भी सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडलों को भेजा गया था। जिस तरह भारत के सभी राजनीतिक दलों ने एकजुट होकर पाकिस्तान की तरफ से खड़े किए गए संकट में साथ दिया वह प्रशंसनीय कदम था लेकिन संघर्ष विराम के बाद से ही जिस तरह की राजनीति की जा रही है**

परमाणु बम की धमकी एवं गीदड़ भभकी देने वाले पाकिस्तान की हालत चार दिन की जंग के बाद ही खस्ता हो गई और जब भारत ने उसके तेरह में से ग्यारह एयरबेस क्षतिग्रस्त कर दिए और कम से कम छह पूरी तरह तबाह कर दिए व उसकी मिसाइलें एवं लड़ाकू विमान मार गिराए तथा ब्रह्मोस का प्रयोग करते हुए (यदि मीडिया की रिपोर्ट को सच मानें तो) उसे परमाणु बम के उपयोग करने की संभावना से भी वंचित कर दिया तब आनन फानन में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्वीट करके दुनिया को इस संघर्ष विराम या सीजफायर की जानकारी दी तो एक तरह से दक्षिण एशिया एवं दुनिया ने राहत की सांस ली। वहीं यदि ट्रंप के वक्तव्य को मानें तो लाखों लोग मरने से बचे। लेकिन यहीं से देश में राजनीतिक उठापटक शुरू हो गई। विपक्ष ने मुखर होकर पूछा कि ऐसे क्या कारण थे जिनकी वजह से अचानक ही संघर्ष विराम की घोषणा करनी पड़ी और विभिन्न कोणों से सरकार पर जब हमले हुए तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12 मई को देश को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर समाप्त नहीं हुआ है। अभी तो उसे केवल स्थगित किया गया है। उन्होंने कड़े शब्दों में पाकिस्तान एवं आतंकवादियों सहित दूसरे देशों को भी चेतावनी दे दी कि भारत के आंतरिक मामलों में किसी प्रकार का हस्तक्षेप सहन नहीं किया जाएगा तथा आतंक की किसी भी घटना को %एक्ट ऑफ वॉर' समझा जाएगा जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। भले ही सरकार एवं विभिन्न रक्षा विशेषज्ञों की दृष्टि में भारत का पलड़ा इस संघर्ष में भारी रहा तथा पाकिस्तान को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा लेकिन दुनिया में अपना पक्ष रखना भी बहुत जरूरी था। इसलिए भारत सरकार ने सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया जिनका नेतृत्व जाने-माने नेताओं को सौंपा गया। 59 सदस्यों वाले इन साथ प्रतिनिधिमंडलों में लगभग सभी प्रमुख दलों के सदस्यों को शामिल किया गया लेकिन विवाद तब उठ खड़ा हुआ जब कांग्रेस ने अपनी ही पार्टी के नेता शशि थरूर को अमेरिका जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेता चुने जाने के बावजूद इस पर आपत्ति दर्ज कराई। कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि जिन चार नेताओं के नाम कांग्रेस ने दिए थे उनमें से केवल आनंद शर्मा को ही प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया है, और सरकार में अपनी मर्जी से ही शशि थरूर एवं सलमान खुर्शीद जैसे नेताओं को कांग्रेस का प्रतिनिधि बना कर भेजने का निर्णय लिया जो उसके लिए आपत्तिजनक है। एक तरह से देखें तो कांग्रेस का पक्ष अनुचित नहीं है क्योंकि हर दल को अपने उपयुक्त नेता को ऐसे प्रतिनिधिमंडलों में



शामिल कराने का अधिकार है, लेकिन सरकार का कहना है कि उसने ऐसी कोई सूची मांगी ही नहीं थी तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए जिन नेताओं को उसने योग्य पाया उनका चयन इन प्रतिनिधिमंडलों में किया गया है। इस दृष्टि से सरकार का पक्ष भी सही है क्योंकि जब राष्ट्र की बात आती है तब दल नहीं योग्यता प्रमुख हो जाती है। इसका उदाहरण स्वयं कांग्रेस की नरसिंह राव के नेतृत्व वाली सरकार ने उस समय दिया था जब 1994 में संयुक्त राष्ट्र में भारत का पक्ष रखने के लिए उसने अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल भेजा था तो कह सकते हैं कि ऐसी परंपरा की शुरु आत स्वयं कांग्रेस ने की थी। वैसे ऐसा भी नहीं है कि पहली बार किसी सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश में भेजे हैं। इससे पूर्व भी ऐसे प्रतिनिधिमंडल भेजे जाते रहे हैं। 2008, 1971 एवं 1965 में भी सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडलों को भेजा गया था। जिस तरह भारत के सभी राजनीतिक दलों ने एकजुट होकर पाकिस्तान की तरफ से खड़े किए गए संकट में साथ दिया वह प्रशंसनीय कदम था लेकिन संघर्ष विराम के बाद से ही जिस तरह की राजनीति की जा रही है, उससे इस बात का भी अंदेशा है कि सेना द्वारा लगभग जीती गई जंग की महत्ता को राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता कहीं महत्त्वहीन न कर दे। इसलिए सभी राजनीतिक दलों, चाहे सत्ता पक्ष के हों या विपक्ष के हों, को ध्यान देना होगा कि ऐसा परिदृश्य न प्रस्तुत करें कि दुनिया भर में भारत की जगहंसाई हो। खैर, एक बार फिर से लौट कर चिंतन करते हैं कि इन प्रतिनिधिमंडलों के गठन का लक्ष्य क्या है तथा ये भारत के किस-किस पक्ष को दुनिया के सामने रखेंगे और पाकिस्तान के किन षड्यंत्रों एवं आतंकवादी मानसिकता को बेनकाब करेंगे। भारत सरकार के एजेंडे के अनुसार ये प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में जाकर उन परिस्थितियों के बारे में अवगत कराएंगे जिनके चलते भारत को पलट कर वार करना पड़ा तथा किस तरह पाकिस्तान अपने पाले हुए आतंकवादियों के माध्यम से भारत को निरंतर संकट में डालता रहा है। उनका एक बिंदु यह भी होगा कि यदि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष या अन्य देशों द्वारा अनावश्यक रूप से आर्थिक सहायता दी जाती है, तो यह देश इसका इस्तेमाल सभी शतरे एवं नियमों को अनदेखा करके हथियार खरीदने एवं आतंकवादियों को शह देने के लिए करेगा। बेशक, विपक्ष का काम है सरकार की कमियों को उजागर करना पर सबसे मुख्य बात है कि क्षणिक आवेश या निहित स्वार्थ के चलते भारत के हितों की अनदेखी न होने पाए। आतंक की किसी भी घटना को %एक्ट ऑफ वॉर' समझा जाएगा जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। भले ही सरकार एवं विभिन्न रक्षा विशेषज्ञों की दृष्टि में भारत का पलड़ा इस संघर्ष में भारी रहा तथा पाकिस्तान को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा लेकिन दुनिया में अपना पक्ष रखना भी बहुत जरूरी था। इसलिए भारत सरकार ने सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों का गठन किया जिनका नेतृत्व जाने-माने नेताओं को सौंपा गया। 59 सदस्यों वाले इन साथ प्रतिनिधिमंडलों में लगभग सभी प्रमुख दलों के सदस्यों को शामिल किया गया लेकिन विवाद तब उठ खड़ा हुआ जब कांग्रेस ने अपनी ही पार्टी के नेता शशि थरूर को अमेरिका जाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेता चुने जाने के बावजूद इस पर आपत्ति दर्ज कराई। कांग्रेस के नेता जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि जिन चार नेताओं के नाम कांग्रेस ने दिए थे उनमें से केवल आनंद शर्मा को ही प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया गया है, और सरकार में अपनी मर्जी से ही शशि थरूर एवं सलमान खुर्शीद जैसे नेताओं को कांग्रेस का प्रतिनिधि बना कर भेजने का निर्णय लिया जो उसके लिए आपत्तिजनक है।

## आतंकवाद केवल भारत की समस्या नहीं

तीन बड़े हमलों का मुख्य साजिशकर्ता लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी रजाउल्ला निजामनी खालिद उर्फ अबू सैफुल्ला की पाकिस्तान के सिंध प्रांत में गोली मार कर हत्या कर दी गई। पाक सरकार ने उसे सुरक्षा मुहैया की थी। वह नागपुर स्थित आरएसएस मुख्यालय, सीआरपीएफ कैंप व भारतीय विज्ञान संस्थान पर हमलों का मुख्य साजिशकर्ता था। सिंध के मतली में उसके घर के करीब के चौराहे पर अज्ञात बंदूकधारियों ने उसे गोलियां मार दीं, जिसे आपसी रंजिश का मामला बताया जा रहा है। वह लश्कर के अबू अनस तथा चीमा का करीबी सहयोगी बाताया जाता है। अनस अब भी फरार है। 2008 में उप्र के रामपुर में जन्मा खालिद रामपुर के केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल शिविर पर हमले का मास्टरमाइंड था, जिसमें सात जवानों व एक नागरिक की मौत हुई थी। 2005 में बंगलुरु के भारतीय विज्ञान संस्थान में हुए हमले में एक प्रोफेसर समेत चार अन्य लोगों की भी हत्या हुई थी। इन हमलों की साजिश और इन मासूम लोगों की हत्या के मॉड्यूल का पर्दाफाश होने के बाद खालिद नेपाल से पाकिस्तान भाग गया। जहां वह लश्कर-ए-तैयबा व जमात-उल-दावा जैसे आतंकी संगठनों के लिए धन जुटाने और नये आतंकियों की भर्ती करने का काम कर रहा था। लश्कर-ए-तैयबा दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा इस्लामी आतंकवादी संगठन माना जाता है। बीते पांच सालों में आपसी झगड़ों में एक-के बाद एक कई आतंकी लगभग एक से तरीके से मारे गए। भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा इनमें से कई वांछित भी बताए जाते हैं। हालांकि विचारणीय तथ्य तो यह भी है कि इसी दरम्यान ट्रंप प्रशासन द्वारा नियुक्त दो व्यक्तियों पर लश्कर से संबंध रहने के आरोप भी लग रहा हैं। जिस पर भारत सरकार समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने खासी चिंता व्यक्त की है। आतंकवाद केवल भारत की समस्या नहीं है। आतंकवादी एक-दूसरे की जान लें या उन्हें मुठभेड़ में मार गिराया जाए; शांति की चाहना रखने वालों के लिए सुकून की बात है। मगर जिस तरह से भेड़ के खाल ओढ़े भेड़िए झुंडों में शामिल हैं, उनसे मुक्ति पाना दुरूह होता जा रहा है। आतंकवादियों की धर-पकड़ के साथ ही, उनके द्वारा करायी जाने वाली घुसपैठ पर लगाम लगाना भी निहायत जरूरी है।

## संक्षिप्त समाचार

### रेरा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न, प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर दिया गया जोर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) की साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को रेरा मुख्यालय, लखनऊ में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रेरा अध्यक्ष भूसरेड्डी ने की, जबकि नोएडा कार्यालय के अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।अध्यक्ष ने बैठक के दौरान विन्दुवार विभिन्न विषयों की गहन समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र एवं प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के निर्देश दिए। बैठक में रेरा अधिनियम की धारा-31 के अंतर्गत दर्ज शिकायतों की स्थिति, अवमानना याचिकाओं, अपीलों, उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वादों, ट्रिब्यूनल में चल रहे प्रकरणों और रिट याचिकाओं की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा की गई।इसके अलावा, रेरा एजेंट्स, प्रमोटर्स और शिकायतकर्ताओं के बीच आदेशों के संदर्भ में हुए समझौतों, पंजीकृत परियोजनाओं में अधिनियम, नियमावली और रेगुलेशन के अनुपालन की स्थिति, पोर्टल से संबंधित तकनीकी मुद्दे, आर्किटेक्चरल संक्शन (ए.एस.ओ.) और कंप्लीशन सर्टिफिकेट (सी.सी.) के अपलोड की प्रगति, मानव संसाधन प्रबंधन और रेरा मुख्यालय भवन निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की गई।भूसरेड्डी ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन समयबद्ध और समर्पणभाव से करें, ताकि रेरा की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।बैठक में रेरा सचिव महेन्द्र वर्मा, प्रमुख सलाहकार अबरार अहमद, वित्त परामर्शदाता सुधांशु त्रिपाठी, संयुक्त सचिव उमाशंकर सिंह, सहायक निदेशक (सिस्टम) अम्बरीस सहित लखनऊ मुख्यालय और नोएडा कार्यालय के अधिकारी उपस्थित रहे।

### ओपिन माइक शो में बच्चों ने दिखाया टैलेंट

बाँदा। बड़े शहरों की तरह बाँदा में भी, छोटे शहर व गांवों के टैलेंट को एक मंच प्रदान करने के मकसद से ओपिन माइक शो का आयोजन किया गया ।ये ओपिन माइक शो बाँदा के चमरौडी स्थित ज्योति कान्वेंट स्कूल में रविवार को अयोजित हुआ ।बी म्यूजिक प्रोडक्शन के बैनर तले बाँदा पैरा मेडिकल कॉलेज के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम मे बाँदा और आस पास के जनपदों से आये हुए प्रतिभागियों ने अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रायबरेली से आये हुए विवेक ने तरह तरह की आवाजें निकाल कर दर्शकों की तालियां बटोरीं तो वहीं विकास ने हास्य कविताएं सुना कर लोगों को खूब हंसाया , महोबा से आये हुए देवास और कन्हैय्या ने खूब सूरत ग़ज़लें सुनाई, अतर्रा से आये हुए सफ़ीद अली ने फिल्मी ग़ज़ल सुनाई,गुरेह से आये बलबीर ने ग़ज़ल पढ़ी तो अल्पना ने गीत सुनाया, बबेरू से आई सरिता शिवहरे ने पहलगाम हमले पर मार्मिक कविता सुनाई , इसके अलावा संगीता ने ग़ज़ल सुनाई,अर्जिता ने कविता पढ़ी, शुभांशी शिवहरे ने गीत सुनाया श्वेता प्रजापति ने फिल्मी गीत सुनाया इनके अलावा लगभग सौ से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया ।कार्यक्रम का सफल संचालन कवित्री आयुषी त्रिपाठी, और युवा शायर अनुराग विश्वकर्मा ने किया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाँदा पैरा मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन मकबूल अली खान, विशिष्ट अतिथि ग़ज़ल सिंगर सागर साबरी, और संरक्षक नज़्रे आलम ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र और मेडल दे कर सम्मानित किया । इस कार्यक्रम में बाँदा फ़ूड ब्लागर अंजली गुप्ता, ज्योति कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक मौजूद रहे । इस कार्यक्रम के आयोजन में आदित्य कौशल, अशरफ खान, पी के क्रिएशन की टीम से ऋषभ, एनिस हर्ष,तक्षशिला कम्प्यूटर से अमन यादव आदि ने सहयोग किया ।

### संदिग्ध परिस्थितियों में महिला बाइक से गिरी, मौत

जसपुरा/बांदा। जसपुरा थाना क्षेत्र के भाथा गांव में बीती रविवार की शाम को बाइक से गिर कर महिला की मौत हो गई।परिजनों ने बाइक चालक पर हत्या का आरोप लगाया।पड़ोसी जनपद हमीरपुर के सुमेरपुर थाना क्षेत्र के कैथी गांव का लेखन सिंह पत्नी संतोषी उम्र 35 साल सहित अपने दोनों बच्चों के साथ में बांदा शहर के गायत्री नगर बबेरू रोड में रहकर मेहनत मजदूरी करता था।मृतका के रिश्तेदार पंकज सिंह ने बताया कि रविवार को संतोषी बांदा से कैथी गांव किसी वाहन से जा रही थी। पपरेंदा में कैथी गांव का कालीदीन पुत्र वासदेव उम्र लगभग 32 साल मिला जो कि बाइक में था।उसने वही से संतोषी को बैठकर गांव जाने लगा।जैसे ही बाइक जसपुरा थाना क्षेत्र के भाथा गांव पहुंची तो संतोषी बाइक से गिर गई।तुंरत ही कालीदीन उसको किसी अस्पताल में लेकर गया जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।उसके काफी देर बाद कालीदीन एक टेम्पो में लेकर मृतका को उसके घर लेकर गया।वही शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मृतका के दो बच्चें हैं।जो कि उसके साथ में ही बांदा में रहते थे।सोमवार को परिजनों ने जसपुरा थाना में शव को लेकर गए तथा पुलिस को जानकारी दी।पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।वही मृतका के रिश्तेदार ने बताया कि आज से दो साल पहले यही कालीदीन इन लोगों को परेशान करता था जिस वजह से ये लोग बांदा में रहकर मेहनत मजदूरी करने लगे थे।मृतका के रिश्तेदार के अनुसार कालीदीन की बातों के अनुसार वह झूठ बोल रहा है इसलिए मामला संदिग्ध है।

### किसान की जहरीले कीड़े काटने से हुई मौत

बड़ोखर बुजुर्ग/बांदा। बेटी की शादी किए एक सप्ताह ही हुए थे कि तभी पुत्री के आने के बाद खेत में रखवाली कर रहे किसान की जहरीले कीड़े के काटने से मौत हो गई। मृतक किसान के घर में कोहराम मच गया। मामला गिरवा थाना अंतर्गत ग्राम पहाड़पुर का जहां के रहने वाले चंद्रपाल पुत्र भाऊ उम्र 47 वर्ष रविवार की रात्रि को अपने खेत में अन्ना गौ वंशों से खेत में रखवाली करने के लिए गया हुआ था लेकिन जब सोमवार की सुबह जैसे ही बिटिया पहुंची खेत की अभी पापा नहीं आए हैं तो देखा कि पिता के मुंह से झाक आ रहा था तभी उसको लेकर नरैनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां पर डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक के भतीजे से कैलाश ने बताया कि चाचा ने अभी अपनी पुत्री मोनिका का विवाह 17 मई को नरैनी थाने के नहरी गांव के पास किया था वहीं जब 24 तारीख को चौथी में वापस आई बेटी को खुश देखकर बेहद खुश थे तभी चाचा ने कहा कि मैं खेत में।रखवाली करने के लिए वहीं ले तूंगा और खाना खाकर खेत चले गए लेकिन जब लेट सुबह तक नहीं आए तो मोनिका जब खेत गई तो पिता के मुंह से झाक निकल रहा था जिस पर तुरंत नरैनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया जहां पर घर वालों में कोहराम मच गया वहीं मृतक किसान के 2 बीघे जमीन थी और एक पुत्र और एक पुत्री है ।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/सा०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं०:–** वमंविइ–लजं०–05–2025, **कार्य का विवरण:–** बीएनजेड में 01 एस्केलेटर का प्रावधान, बुकिंग और पीआरएस में शौचालय में सुधार, एलजेएन–डिवीजन में प्रतीक्षा कक्ष और रिटायरिंग रूम का निर्माण और उपयुक्त बैठने की जगह का प्रावधान, डीएएल में एसएंडटी के लिए स्टोर बिल्डिंग का प्रावधान और एएसएच–एसटीपी सेक्शन में रेल स्तरीय गुड्स प्लेटफॉर्म के साथ लाइन नंबर 4 का प्रावधान।, **अनुमानित लागत:–** रु० 64,93,138.73, **बयाना राशि:–** रु० 1,29,900.00, **निविदा मूल्य:–** रु० 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि:–** 06 माह, **निविदा सं०:–** वमंविइ–लजं०–06–2025, **कार्य का विवरण:–** एलजेएन मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 10 किलोवाट ऑफ ग्रिड सौर प्रणाली को ऑन ग्रिड सौर प्रणाली में परिवर्तित करना।, **अनुमानित लागत:–** रु० 49,90,928.00, **बयाना राशि:–** रु० 99,800.00, **निविदा मूल्य:–** रु० 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि:–** 06 माह, **निविदा सं०:–** वमंविइ–लजं०–07–2025, **कार्य का विवरण:–** गोरखपुर स्टेशन पर 2 लूप लाइन, शंटिंग नेक के साथ 3 स्टेबलिंग लाइन, पुरानी पिट लाइन–2 को प्लेसमेंट लाइन में परिवर्तित करने का प्रावधान।, **अनुमानित लागत:–** रु० 80,16,763.92, **बयाना राशि:–** रु० 1,60,300.00, **निविदा मूल्य:–** रु० 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि:–** 06 माह, **उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय – 18.06.2025 को 15.00 बजे, नोट:–** इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/सामान्य, लखनऊ

मुजाधि/विद्युत–41

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


### राज्य महिला आयोग सदस्य 28 को करेंगी जनसुनवाई

बांदा। मुख्य विकास अधिकारी बांदा ने बताया है कि श्रीमती अर्चना पटेल सदस्या, उप्र राज्य महिला आयोग, लखनऊ 28 मई 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे राजकीय सर्किट हाउस, बाँदा में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाना है। महिला जन सुनवाई में सदस्य राज्य महिला आयोग, लखनऊ के द्वारा महिला उत्पीडन की रोकथाम एवं पीडित महिलाओं को न्याय दिलाए जाने हेतु जनपद की महिलाओं की समस्याओं को सुना जाएगा, जनपद की पीडित महिलाओं की समस्याओं का लिखित में प्रार्थना–पत्र लेकर मा0 सदस्या द्वारा सम्बन्धित विभाग/अधिकारियों द्वारा निस्तारण कराकर महिलाओं की समस्याओं का समाधान कर उनको न्याय दिये जाने का कार्य किया जाएगा। जनपद बाँदा की ऐसी महिलाओं से अपील की जा रही है कि जो महिलाएं किसी भी तरह की हिंसा से पीडित हों, जिनको न्याय न मिल रहा हो या फिर अन्य किसी भी तरह की समस्या का निस्तारण न हो रहा हो ऐसी स्थिति में श्रीमती अर्चना पटेल, सदस्या, उप्र राज्य महिला आयोग, लखनऊ द्वारा राजकीय सर्किट हाउस, बाँदा में आयोजित महिला जन सुनवाई में पहुँच कर अपनी समस्या का प्रार्थना–पत्र सदस्या को दे सकतीं हैं।

# अलीगंज हनुमान मंदिर में फेस रिकग्निशन सिस्टम की शुरुआत

## सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन में तकनीक का बड़ा प्रयोग

विचार सूचक ब्यूरो

लखनऊ। 26 मई। राजधानी के अलीगंज क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध नया हनुमान मंदिर में अब दर्शनार्थियों की निगरानी और सुरक्षा तकनीक के सहारे होगी। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने यहां अत्याधुनिक फेस रिकग्निशन सिस्टम का पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है, जो भीड़ नियंत्रण, आगंतुकों की पहचान और सुरक्षा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाएगा। यह प्रयोग राज्य के धार्मिक स्थलों पर स्मार्ट टेक्नोलॉजी के समावेश की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने जानकारी दी कि यह एआई-सक्षम प्रणाली अब तक परीक्षण चरण में 6,500 से अधिक यूनिक विजिटर्स को रिकॉर्ड कर चुकी है। साथ ही 96 प्रतिशत की सटीकता दर के साथ चेहरों की वास्तविक समय में पहचान करने में सफल रही है। यह तकनीक संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी, पहली बार आने वाले पर्यटकों की पहचान, और संभावित खतरे को पहले ही चिह्नित करने में मददगार साबित हो रही है।मंत्री ने बताया कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत मंदिर परिसर में वीआईपी गेट सहित प्रमुख प्रवेश और निकास स्थलों पर हाई-रेजोल्यूशन कैमरे लगाए गए हैं। यह तकनीक न केवल संदिग्ध व्यक्तियों की ब्लैकलिस्ट तैयार कर सकती है, बल्कि भीड़ के दबाव और प्रवाह का पूर्वानुमान लगाकर त्वरित समाधान भी दे सकती है। इसके अलावा यह प्रणाली चोरी या अव्यवस्था की स्थिति में सुरक्षा बलों को तेज़ी से अलर्ट कर उनकी प्रतिक्रिया समय को कम करने में सक्षम है।ज्ञात हो कि इससे पूर्व लखनऊ के व्यस्त हनुमान सेतु मंदिर में भी इसी तरह की प्रणाली का परीक्षण किया जा चुका है, जिसमें 93 प्रतिशत सटीकता दर दर्ज की गई थी। वहां की सफल प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए अलीगंज हनुमान मंदिर में यह पायलट योजना लागू की गई है।पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभाग आने वाले समय में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के साथ मिलकर एक समेकित और विस्तृत डाटाबेस तैयार करने की योजना बना रहा है, जिससे स्थानीय निवासियों और बाहरी पर्यटकों में स्पष्ट भेद संभव हो सकेगा। इसके आधार पर मंदिर परिसरों में प्रवेश और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।पायलट प्रोजेक्ट की सफलता से उत्साहित पर्यटन विभाग ने इसे प्रदेश के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों पर भी लागू करने की योजना बनाई है। इनमें अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर और हनुमानगढ़ी, प्रयागराज के बड़े हनुमान जी मंदिर व अलोपी देवी मंदिर, वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर व बटुक भैरव मंदिर, मथुरा के कुसुम सरोवर और वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर व प्रेम मंदिर प्रमुख हैं।विशेषज्ञों के अनुसार यह पहल उत्तर प्रदेश सरकार की स्मार्ट पर्यटन नीति के अनुरूप है और तीर्थ स्थलों की सुरक्षा व आधुनिक प्रबंधन की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हो सकती है।

# पुलिस विभाग की भूमिका पर कार्यशाला का आयोजन किया

## उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने महिला अपराध पर कार्यशाला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा महिला अपराधों के निस्तारण में पुलिस विभाग की भूमिका विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं मासिक बैठक आयोग के सभागार में आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारम्भ आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने उपाध्यक्ष अपर्णा यादव व चारू चौधरी के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया।कार्यक्रम की शुरुआत पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर जन्म शताब्दी वर्ष स्मृति अभियान 2025 के संगोष्ठी कार्यक्रम से हुई। रानी अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा सामाजिक सुधार जैसे सती प्रथा का विरोध और शिक्षा के प्रसार से जुड़ी जानकारियां साझा की गईं।प्रथम सत्र में अपर पुलिस अधीक्षक अपराध रूकमणी वर्मा और पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय विनोद कुमार यादव ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों, सुरक्षा उपायों, प्रदेश में महिला सुरक्षा हेतु संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं पर प्रकाश डाला। घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, बाल शोषण, 1090 हेल्पलाइन, महिला हेल्प डेस्क, एसिड अटैक, पिंक बूथ, आशा ज्योति केंद्र तथा रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई।द्वितीय सत्र में विभिन्न जनपदों के सदस्यों द्वारा पिछले माह आयोजित महिला जनसुनवाई और निरीक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा की गई तथा आगामी माह की जनसुनवाई और आयोग के कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा हुई।बैठक का समापन सदस्य सचिव सुधा वर्मा ने सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए किया। इस कार्यक्रम में आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान, उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, चारू चौधरी, सदस्यगण हिमानी अग्रवाल, सुनीता श्रीवास्तव, अंजू प्रजापति, पूनम द्विवेदी, ‹द्धह्लड्ड तह्वश्रह्लड्ड, अनुपमा सिंह लोधी, सुजीता कुमारी, मीना कुमारी, नीलम प्रभात, गीता बिन्द, पुष्पा पाण्डेय, डॉ. प्रियंका मौर्य, मीनाक्षी भराला, ऋतु शाही, सुनीता सैनी, एकता सिंह, अर्चना पटेल, प्रतिभा कुशवाहा, रेनू गौड, मनीषा अहलावत, सपना कश्यप, संगीता जैन, अपर पुलिस अधीक्षक रूकमणी वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक विनोद कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

# 105 वाहनों किया चालान एवं 13 नो पार्किंग वाहनों के किए चालान

## आधा सैकड़ा से अधिक ई-रिक्शा के किए गए सत्यापन

बांदा। सोमवार को जिलाधिकारी श्रीमती जे0रीभा0 ,पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशों के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज,ए आरटीओ प्रशासन शंकर सिंह,सीओ यातायात के.के. त्रिपाठी, पीटीओ रामसुमेर यादव,यातायात प्रभारी संजय मिश्रा के नेतृत्व में चलाए जा रहे यातायात सुरक्षा अभियान के तहत बाबूलाल चौराहे बांदा में परिवहन विभाग,यातायात,पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से डग्गामार वाहनों, बसों,दोपहिया वाहनों पर हेलमेट ना लगाना, ट्रिपल सवारी, मोबाइल ईयर फोन पर बात करना,चार पहिया वाहनों पर शीट बेल्ट का प्रयोग ना करना, चार पहिया वाहनों पर काली फिल्म का चढ़ा होना, नो पार्किंग पर वाहनों का खड़ा होना आदि सभी यातायात सुरक्षा के साधनों, मानकों का प्रयोग न किए जाने के तहत सघन अभियान चलाकर पीटीओ राम सुमेर यादव, यातायात प्रभारी संजय मिश्रा ने 105 वाहनों का चालान किया और 13 नो पार्किंग पर खड़े वाहनों के चालान किये। जिलाधिकारी महोदया श्री मति जे0रीभावके द्वारा जनपद बांदा में यातायात सुरक्षा को लेकर संबंधित विभागों को दिए थे निर्देश की बांदा जनपद पर कोई भी वहां अनाधिकृत रूप से संचालित नहीं होने चाहिए। वहीं बांदा जनपद में यातायात व्यवस्था व सड़क सुरक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए बांदा पुलिस द्वारा 26 मई 2025 से 04 जून 2025 तक सभी ई रिक्शा वाहनों के सत्यापन का अभियान चलाया जा रहा है आज यातायात बूथ बाबूलाल चौराहे मैदान प्रांगण में आज दोपहर तक 50 से अधिक ई रिक्शा वाहनों के सत्यापन यातायात टीम के द्वारा किए गए जिसमें यातायात प्रभारी संजय मिश्रा,उप निरीक्षक यातायात त्रिलोकी नाथ पांडे सहित संबंधित विभागीय लोग मौजूद रहे इसी अनुपालन में प्रतिदिन प्रशासन द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है परिवहन,यातायात, पुलिस विभाग आप सभी वाहन चालकों से अपील करता है कि यातायात नियमों का पालन करें बिना उचित दस्तावेज,फिटनेस,बीमा, रजिस्ट्रेशन ,के वाहनों का संचालन कदापि ना करे। वहीं शहर में संचालित ई रिक्शा संचालकों से अपील है कि वह अपने ई रिक्शे का रजिस्ट्रेशन और आधार कार्ड की प्रति लाकर के निर्धारित स्थान पर आसानी से सत्यापन करा लें और किसी प्रकार की असुविधा से बचें। स्वयं जागरूक हो और लोगों को भी जागरूक करने का कार्य करें ताकि किसी को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े और दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

# सभी बच्चों का पंजीकरण कराकर उन्हें आवश्यक रूप से शिक्षित किया जाए: डीएम

## सीएम के स्कूल चलो अभियान का हुआ सजीव प्रसारण



बांदा। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत मुख्यमंत्री के आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आज कलेक्टेऊट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती जे.रीभा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत तथा सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू के द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों एवं ग्राम प्रधानों तथा दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को प्रसस्ति पत्र एवं टेबलेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेधावी छात्र/छात्राओं को साइकिल का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती जे0रीभा ने आज स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत स्कूल से छूटे हुए सभी बच्चों का पंजीकरण कराकर उन्हें आवश्यक रूप से शिक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि 5 से 14 आयु वर्ष तक के सभी छूटे हुए बच्चों को जुलाई के प्रथम सप्ताह में अभियान चलाकर पंजीकृत किया जाए तथा ग्राम शिक्षा समितियों को सक्रिय करते हुए नये बच्चों का प्रवेश के समय उन्हें एक महोत्सव के द्वारा बच्चों का स्वागत करते हुए कक्षाओं में प्रवेश दिलाया जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को विद्यालयों में समुचित सफाई की व्यवस्था सफाई कर्मियों के माध्यम से सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत विद्यालयों को और बेहतर सुविधायें देने का कार्य किया जा रहा है। कस्तूरबागांधी बालिका विद्यालयों को भी उच्चीकृत कर बालिकाओं के लिए बेहतर शिक्षा की व्यवस्था सरकार द्वारा की गयी है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत एवं जिलाधिकारी द्वारा विकास खण्ड जसपुरा के ग्राम गलौली के प्रधान ब्रजेन्द्र सिंह, बडोखर खुर्द के ग्राम मवई बुजुर्ग श्री राजकरन, कनवारा प्रधान श्री आशीष यादव, तिन्दवारा प्रधान सहित अन्य प्रधानों, बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों क्रमशः चन्द्रमोहन साहू, श्रीमती अंजनी, आशा श्रीवास्तव एवं अन्य अध्यापकों को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार शिक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए निरन्तर कार्य कर रही है, जिसके अन्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा प्री-कक्षाओं से लेकर माध्यमिक शिक्षा तक बेहतर शिक्षा छात्र/छात्राओं को दिलाने के साथ कस्तूरबागांधी बालिका विद्यालयों को

# माता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशाताब्दी स्मृति अभियान पर सम्मेलन का आयोजन

## शहर के मण्डपम मैरिज हॉल में हुआ आयोजन




बांदा। सोमवार को भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र त्रिपाठी जी की अध्यक्षता में बांदा सदर विधानसभा के अन्तर्गत शहर बांदा के मण्डपम मैरिज हॉल में पुण्यश्लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशाताब्दी स्मृति अभियान पर सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री, उ0प्र0 सरकार चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने सहभागिता कर बताया कि माता अहिल्याबाई होल्कर जी भारत के मालवा क्षेत्र की शासिका थी जोकि अपने पति खण्डेराव होलकर के मृत्यु के पश्चात 1767 से 1795 तक होलकर राजवंश की उत्तराधिकारिणी रही। वह एक महान शासिका, समाज सुधारक और धार्मिक महिला के रूप में जानी जाती है तथा उन्होंने मध्य भारत में होलकर साम्राज्य का विस्तार कर अपनी प्रजा के लिए कल्याणकारी कार्य किए। वह अपने परोपकार, विशेषकर मंन्दिरों और तीर्थ स्थलों के निर्माण के लिए प्रसिद्ध थी। माता अहिल्याबाई का शासनकाल होलकर साम्राज्य के लिए एक स्वर्ण युग के रूप में जाना जाता था। वहीं विधायक बांदा सदर प्रकाश द्विवेदी द्वारा बताया गया कि मुगल सम्राट औरंगजेब द्वारा नष्ट कराये गये काशी विश्वनाथ मंन्दिर और सोमनाथ मंन्दिर के साथ साथ बहुत से मंन्दिरों का निर्माण कार्य माता अहिल्याबाई होल्कर के शासन काल कराया गया और माता अहिल्याबाई होल्कर जी ने सभी स्थानों पर परोपकारी गतिविधियों में बढ–चढकर हिस्सा लिया तथा जरूरत मंन्दों की आवश्यकतानुसार मदद भी की एवं माता अहिल्याबाई होल्कर जी की विरासत आज भी लोगों को प्रेरित करती है। वह एक महान शासिका, समाज सुधारक और धार्मिक महिला के रूप में जानी जाती है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष श्री कल्लू सिंह राजपूत जी द्वारा बताया गया कि माता अहिल्याबाई होल्कर जी बारे में लोगो की दो प्रकार की विचारधाराए रही है एक में उनको देवी के अवतार की पदवी दी गयी और दूसरी में उनके अति उत्कृष्ठ गुणों के साथ अन्धविश्वासों और रूढियों के प्रति श्रद्धा को भी प्रकट किया है। वह अँधेरे में प्रकाश किरण के समान थी, जिसे अँधेरा बार–बार ग्रसने की चेष्टा करता रहा।

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सामाजिक-सांस्कृतिक का दिया संदेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा सोमवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर जौनपुर पहुंचे। वे बीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवैद्यनाथ सभागार में आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग की प्रदर्शनी का उद्घाटन और निरीक्षण कर किया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया गया और टैबलेट वितरित किए गए। उन्होंने मुख्यमंत्री के उद्बोधन को भी ध्यानपूर्वक सुना।इसके बाद मंत्री ए0के0 शर्मा पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जी की त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के तहत आयोजित पंचायत प्रतिनिधि जिला सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने भाषण में भारत की प्राचीन सांस्कृतिक, ज्ञान–विज्ञान एवं आध्यात्मिक महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत विश्व गुरु कहलाने वाला देश रहा है, जिसे मध्यकाल में कुछ व्यवधानों का सामना करना पड़ा, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश फिर से अपनी महानता वापस पा रहा है।मंत्री ने कहा कि भारत की संस्कृति को गलत नजरिए से देखा जाता है, जबकि शास्त्रों में यह स्पष्ट है कि यहां किसी में अक्षमता नहीं है। उन्होंने भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों जैसे जीरो और दशमलव की खोज का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश काल में भारतीय संस्कृति, उद्योग और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया गया, जिससे समाज जातिगत भेदभावों में उलझ गया। उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास के 'हनुमान चालीसा' के माध्यम से भी भारतीय ज्ञान की महत्ता को बताया।ए0के0 शर्मा ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और कार्यों का वर्णन करते हुए बताया कि वे एक महान समाज सुधारक और लोकसेविका थीं, जिन्होंने विधवाओं के अधिकारों की स्थापना की, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया और सुशासन का आदर्श प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने जल संरक्षण, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक सहायता जैसे क्षेत्रों में अनेक क्रांतिकारी कदम उठाए।

# शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर बरस मेले, व्यापारियों ने मनाया शहीद दिवस




बांदा। सोमवार को भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने शहीद हुए व्यापारी साथियों को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर याद किया और उनको श्रद्धा सुमन अर्पित कर व्यापारी हितों की ख़ातिर समर्पित रहने का संकल्प लिया। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी और व्यापारी एकत्रित हुए और विभिन्न आंदोलनों में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अपने शहीदों को नमन किया। जिला भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के समस्त पदाधिकारियों और व्यापारियों ने शहीद हुए व्यापारियों के बलिदान को याद किया।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अमित सेठ भोलू ने बताया आज से 50 वर्ष पहले जब व्यापारियों का शोषण हुआ करता था और व्यापारी समाज को उत्पीड़ित किया जाता था। व्यापारियों का सम्मान नहीं हुआ करता था बल्कि उन्हें हेय दृष्टि से देखा जाता था तब अदम्य साहस के धनी लाला विशम्भर दयाल जी और पंडित श्याम बिहारी मिश्रा जी रविकांत गार्ग जी अरुण अग्रवाल जी ने व्यापार मंडल की बुनियाद रखी और व्यापारियों को संगठित कर संघर्ष का बिगुल बजा कर व्यापारी समाज को अन्याय अत्याचार से निजात दिलाने के लिए आवाज़ बुलंद की। संगठन के बैनर तले अनेक बार आंदोलनों का सहारा लेना ही एकमात्र विकल्प उपलब्ध था। 26 मई 1979 को लखनऊ के अमीनाबाद में बिक्री कर विभाग के सर्वे–छापे को बंद कराने को लेकर' तत्कालीन सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने में पुलिस की गोली से 23 साल के एक नवयुवक हरिश्चंद्र अग्रवाल की मृत्यु हो गई थी तब से लेकर के अभी तक विभिन्न व्यापारी आंदोलनों व व्यापारियों के सम्मान के लिए संघर्ष में 14 व्यापारी अलग–अलग आंदोलनों में शहीद हुए हैं उन्हीं की याद में प्रत्येक वर्ष 26 मई को व्यापार मंडल शहीद दिवस के रूप में मनाता है । व्यापारी जगत के हितों के लिए शहीद हो गए बहादुर व्यापारी साथियों को याद करने हेतु बांदा में भी आज 26 मई को कन्हा कुंज मैरिज हाल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया और व्यापारी शहीदों को भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस मौके पर स्वर्गवासी हरीश चंद्र अग्रवाल जी लखनऊ 26 मई 1979, स्वर्गवासी हरि शंकर अग्रवाल जी बुलंदशहर 18 जुलाई 1986 स्वर्गवासी नित्यानंद कौशिक जी बुलंदशहर 18 जुलाई 1986 स्वर्गवासी अशोक कुमार खंडेलवाल जी पट्टी प्रतापगढ़ 19 जनवरी 1988 स्वर्गवासी शिव सिंह जी पट्टी प्रतापगढ़ 19 जुलाई 1988 स्वर्गवासी लवकेश ओमर कानपुर 15 जुलाई 1990 स्वर्गवासी मुन्ने मियां जी मारहारा एटा 23 दिसंबर 1993 स्वर्गवासी अशोक राय जी मुफ्तीगंज जौनपुर 14 सितंबर 1993 कमल जैन जी गाजियाबाद 2 अप्रैल 1995 स्वर्गवासी रमेश जिंदल जी कासगंज 27 अप्रैल 1995 स्वर्गवासी अजय गुप्ता हरिद्वार 22 सितंबर 1995 स्वर्गवासी अमित गुप्ता मैनपुरी 1995 स्वर्गवासी राकेश पवार जी मुजफ्फरनगर 1 अप्रैल 2003 स्वर्गवासी गोपाल पोद्दार जी अक्टूबर अप्रैल 2003 की पुण्य स्मृति को नमन किया गया। श्रद्धांजलि दिवस के प्रमुख मौके पर आज संरक्षक प्रकाश साहू योग गुरु, प्रदेश वरिष्ठ मंत्री मनोज जैन, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष ओमर संतान,जिला महामंत्री सुरेश गुप्ता कान्हा,जिला उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता राजू,जिला उपाध्यक्ष अवधेश गुप्ता रुपाणी,जिला उपाध्यक्ष राकेश गुप्ता दादू, जिला उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता अमित, जिला वरिष्ठ मंत्री नईम आदि थे।

# संक्षिप्त समाचार

## साइकिल सवार को टक्कर मारते हुए पेड़ से टकराई ईको, बुजुर्ग की मौत... सात लोग घायल

सीतापुर। सीतापुर में सुबह-सुबह भीषण हादसा हो गया। यहां ईको कार साइकिल सवार को टक्कर मारते हुए पेड़ से जा टकराई। हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यूपी के सीतापुर में मंगलवार को सुबह करीब 7 बजे एक ईको गाड़ी ने ओवरटेक करते समय साइकिल सवार को टक्कर मार दी। इसके बाद अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत हो गई। जबकि ईको सवार सात लोग घायल हो गए। हादसा मछरेहटा थाना क्षेत्र के खैराबाद-कल्ली मार्ग स्थित रूपपुर गांव के पास हुआ। हादसे में साइकिल सवार सोहनलाल (65) की मौत हुई है। वह क्षेत्र के ही रौनामऊ गांव के रहने वाले थे। बताया गया कि सोहनलाल घर से नैमिषारण्य जाने के लिए निकले थे। वहीं ईको सवार लोग लखीमपुर के पडुआ थाना क्षेत्र के चचेरा पुरवा के रहने वाले थे। सभी घायल एक ही परिवार के हैं। वह नैमिषारण्य से वापस घर लौट रहे थे। घायलों में सोनू कुमार (22), गंगोत्री पत्नी राम गोपाल (40), गुल्ले पुत्र भगवती (55), रामलली पत्नी राजाराम (56), कमला पत्नी (45), उर्मिला पत्नी हरद्वारी (49) और रमन देवी पत्नी कमलेश (40) शामिल हैं। घायलों को मछरेहटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर कमलेश कुमार ने बताया कि घायलों का उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी अमित पाण्डेय ने बताया कि साइकिल सवार बुजुर्ग की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घायलों का इलाज चल रहा है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## 52 दिन बाद शिकंजे में शिकारी

लहरपुर (सीतापुर)। वन विभाग की टीम ने सोमवार भोर क्षेत्र में दहशत का पर्याप्य बने बाघ को 15 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद ट्रेंकुलाइज (बेहोश) कर पकड़ लिया। पिछले 52 दिनों से लोग डर के साये में जी रहे थे। सोमवार भोर ड्रोन से लोकेशन ट्रेस करने के दौरान बाघ रावल अदेसर व निबौरी के बीच नाले के करीब बैठा नजर आया। इसके बाद 25 फुट की दूरी से बाघ को सफलता पूर्वक ट्रेंकुलाइज कर लिया गया। ट्रेंकुलाइज गन की सुईं बाघ के चुभते ही वह उछलकर भागा और करीब 200 मीटर दूर जाकर बेहोश हो गया। बेहोशी की हालत में बाघ को पिंजरे में कैद कर लिया गया। आसपास के 25 गांवों में बाघ की दहशत थी। अब तक यह पांच शिकार करने के साथ तीन किसानों पर भी हमला कर चुका था। ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। लहरपुर वन रेंज के अदेसर गांव के करीब चार अप्रैल को सांड़ का शिकार कर बाघ ने अपनी मौजूदगी का अहसास कराया था। इसके बाद से क्षेत्र में लगातार बाघ की दहशत बनी हुई थी। पिंजरा व कैमरे लगाए जाने के बाद भी बाघ का कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। इस बीच वन विभाग ने मुख्य वन संरक्षक डॉ. रेनू सिंह से बाघ को ट्रेंकुलाइज करने की इजाजत मांगी। प्रभारी बिसवां के उप प्रभागीय वनाधिकारी विकास यादव, लहरपुर रेंजर अभिषेक सिंह व दुधवा टाइगर रिजर्व के पशु चिकित्सक डॉ. दयाशंकर की टीम ने रविवार सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला। सोमवार भोर तीन बजे से रेस्क्यू फिर शुरू किया गया। करीब 4ः16 बजे रावल अदेसर व निबौरी गांव के बीच बहने वाले नाले के किनारे दिखाई दिया। रेस्क्यू टीम ने 25 फुट दूर से उसे ट्रेंकुलाइज किया। पिंजरे में कैदकर लहरपुर वन रेंज कार्यालय लाया गया। बाघ पूरी तरह स्वस्थ है।

## डीएम बोले, सम्मानित की जाएगी टीम

डीएम अभिषेक आनंद ने लहरपुर वन रेंज कार्यालय पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली। कहा कि रेस्क्यू करने वाली टीम को सम्मानित किया जाएगा। बाघ को किसी सुरक्षित जंगल या दुधवा रिजर्व में छोड़ा जा सकता है। गर्मी का मौसम देखते हुए बाघ को राहत पहुंचाने के लिए पिंजरे के पास पंखा लगाया गया है।

## पुलिस मुठभेड़ में हत्यारोपी दो आरोपी गिरफ्तार

सुल्तानपुर। पुलिस मुठभेड़ में हत्या के दो आरोपी गोली लगने से धायल हो गये, दोनो की पहचान राकेश विश्वकर्मा हत्याकांड के आरोपी अजय निषाद और दिवाकर यादव उर्फ फोटु यादव के रूप में हुई। जिन्हे पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया। घटना बीती देर रात की है। पुलिस को सूचना मिली कि राकेश विश्वकर्मा हत्याकांड के आरोपी नोनरा बाजार की तरफ जा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी की तो आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी। घायल आरोपियों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। यह मामला 3 अप्रैल को कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के मुड़ीलाडीह में हुई राकेश विश्वकर्मा की हत्या से जुड़ा है। राकेश को उनके घर से कुछ दूर गोली मारी गई थी। उनके दाहिने सीने और बाएं हाथ में गोली लगी थी। राजकीय मेडिकल कॉलेज में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया था। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने इस मामले में फरार आधा दर्जन अपराधियों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया था। इनमें सागर यादव, मोनू यादव, नीरज यादव, अंकित यादव, अजय निषाद और संजय सिंह शामिल हैं। पुलिस ने पहले ही बदमाशों को संरक्षण देने वाले 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## संदिग्धावस्था में आम के पेड़ के फंदे से मिली लटकती लाश

बल्दीराय/सुल्तानपुर। धनपतगंज थानांतर्गत उपधाने का पुरवा खारा में एक युवक का दरवाजे के सामने आम के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता शव मिलने पर गांव में मचा हड़कंप। सूचना पर पहूंची थाना पुलिस ने शव को फंदे से उतार पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। और मामले की छानबीन में जुटी है। घटना सोमवार को भोर की है गांव निवासी चिंतामणि उपाध्याय का परिवार सुबह सोकर उठा तो दरवाजे के सामने एक आम के पेड़ में फंदे से लटकता परिवार के ही नवयुवक शक्तिधर उपाध्याय चिंतामणि उपाध्याय का शव देख सकते में आ गया। खबर आग की तरह फैली देखते ही देखते बड़ी भीड़ इकट्ठी हो गयी। घटना से परिवार व गांव में कोहराम मच गया। परिवारीजनों ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतार पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की छानबीन में जुटी है। घटना के बाबत थाना प्रभारी कोतवाल प्रवीण यादव ने बताया मामला प्रथम दृष्टया फांसी लगाकर आत्महत्या का है। फिलहाल घटना के हर पहलू पर गहनतम जांच की जा रही है।

## उ.प्र ग्रामीण बैंक शाखा बल्दीराय में दलालों का बोलबाला

बल्दीराय/सुल्तानपुर। तहसील मुख्यालय स्थित ग्रामीण बैंक शाखा बल्दीराय में ग्राहकों को बिना दलाल से मिले कोई कार्य नही होता है। ग्रामीण बैंक के एक उपभोक्ता ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देख निष्पक्ष जांच एवम कार्यवाई की मांग की है। बल्दीराय बाजार स्थित ग्रामीण बैंक दलालों के घुसपैठ के चलते भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। बैंक संबंधी किसी कार्य को तभी कराया जा सकता है जब उपभोक्ता बैंक के दलाल ओंकार तिवारी से मिल लेता है। यानी कि बिना घूस के कोई कार्य सम्भव नही है। बैंक के मैनेजर के संरक्षण में पाले गए दलाल की धौस भी ग्राहकों को सुननी पड़ती है। बैंक मैनेजर के संलिप्तता से ग्रामीण बैंक बल्दीराय भ्रष्टाचार का यह खेल बड़ी तेजी से फैल रहा है। 'शिकायतकर्ता से बैंक मैनेजर द्वारा कहा गया कि कार्य करवाना है तो ओंकार तिवारी से जाकर मिल लो। जिसकी वीडियो रिकार्डिंग शिकायतकर्ता के पास मौजूद है। जी हां यह कहना है शिकायतकर्ता पवन तिवारी पुत्र रामबहोर तिवारी पूरे शिवदीन महमूदपुर गोविंदपुर का। शिकायतकर्ता द्वारा क्षेत्रीय प्रवन्धक उ0प्र0 ग्रामीण बैंक अमहट व कई अधिकारियों को उक्त आशय का शिकायतपत्र देकर दोषियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करवाते हुए निष्पक्ष जांच और उचित कार्यवाई की मांग की गयी है।

## ग़रीब निवाज हकीमी दवाखाना का किया उद्घाटन

सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पारा चौराहे स्थित बल्दीराय रोड पर सोमवार को ग़रीब निवाज हकीमी दवाखाना का उद्घाटन किया गया। इस दवाखाने का शुभारंभ समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व ब्लॉक प्रमुख यशभद्र सिंह मोनू ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मोनू सिंह ने कहा हकीमी चिकित्सा पद्धति भारतीय परंपरा की एक अमूल्य धरोहर है। वर्षों बाद इसे पुनः स्थापित करना निश्चित रूप से सराहनीय कदम है। हकीम मोहम्मद अहमद खान द्वारा संचालित इस दवाखाने में हकीमी पद्धति से मरीजों का इलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हम वर्षों तक मुंबई में रहकर हकीमी पद्धति से लोगों की सेवा करते रहे हैं। अब अपने क्षेत्र में लोगों की सेवा के उद्देश्य से यह दवाखाना खोला गया है। इस उद्घाटन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## आयुक्त के आदेश के 4 वर्ष बाद भी राजस्व विभाग नहीं कर सका अनुपालन

सुलतानपुर। भूमि वाद के एक मामले में बल्दीराय तहसील प्रशासन आयुक्त न्यायालय के आदेश के चार वर्ष बाद भी अनुपालन नहीं कर सका पीड़ित युवक ने जिलाधिकारी से जरिये प्रार्थना पत्र आयुक्त के आदेश का अनुपालन कराए जाने की मांग की है। मामला तहसील बल्दीराय क्षेत्र के भवानीगढ़ का है गांव निवासी ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर आरोप लगाया है कि उसका भूमि का वाद न्यायालय में चल रहा था। आयुक्त न्यायालय ने विगत 4 वर्ष भूमि अंकन करने का आदेश संबंधित सदर तहसील के अधिकारी को दिया था।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में की। बैठक में डीएम ने बरगद चौराहे से मामा चौराह तथा सिविल लाइन चौराहा सहित सभी चौराहों पर हुए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने एनएचआई के निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिया की बारिश होने से पहले कार्य पूर्ण कर लिए जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य सड़कों के अलावा सर्विस रोड की भी मरम्मत कराई जाए। लालगंज और डलमऊ में सड़क निर्माण के होने वाले कार्यों के संबंध में भी चर्चा की। मामा चौराहे पर प्रस्तावित पुलिस चौकी निर्माण के संबंध में हुई आवश्यक कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ओवर लोडिंग वाहनों की समय-समय पर चेकिंग की जाए। हिट एवं रन मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाए और प्रभावित को शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। ब्लैक स्पॉटो को चिन्हित कर उनकी मरम्मत करने, ट्रैफ़िक और गति सीमा संकेतक चिन्हों को लगाए जाए। स्पीड ब्रेकरों का निर्माण करते समय मानक का पूरा ख्याल रखा जाए। जिससे किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह, ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र सिंह, पुलिस, लोक निर्माण, प्रवर्तन, नगर पालिका, शिक्षा और परिवहन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## शिक्षक कार्यशाला में कंप्यूटर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में शिक्षकों की कार्यशाला का आयोजन कर एनएसजीआई के समस्त कंप्यूटर शिक्षकों को ए आई, रोबोटिक्स, चैट जीपीटी एवं कोडिंग विषय पर प्रशिक्षक परितोष श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षण दिया गया साथ ही उन्हें नवीन शिक्षण तकनीक की जानकारी दी। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला पर जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा, तकनीक के क्षेत्र में नित नए बदलाव एवं रोज नए आविष्कार हो रहे हैं, विषय शिक्षकों को अपने क्षेत्र में हो रहे इन बदलावों से अवगत रहना आवश्यक,जिससे वह अपने शिक्षण कौशल को वर्तमान परिस्थिति के अनुसार निखार सकें। शिक्षकों की अध्यापन क्षमता व विषय पर नवीन जानकारी के साथ अपडेट रहने के लिए इस कायर्शाला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर संयोजिका संचिता त्रिवेदी, कफ़ील अहमद, रामदेव, गिरीश श्रीवास्तव सहित एनएसजीआई की समस्त शाखाओं के शिक्षक सचिन शर्मा, ऋतुराज शर्मा, अखिल त्रिपाठी, संदीप सिन्हा, प्रशांत शुक्ला, गोविन्द कुमार, सोमेश कुमार शर्मा, स्वप्निल शुक्ला, आरपी शर्मा, हरिओम गुप्ता, मो. अरशद, शिल्पी श्रीवास्तव, अंजलि सिंह, श्रुती श्रीवास्तव, अम्बुज शुक्ला, नितिन सिंह, कविता शर्मा, आलोक सिंह, सुप्रिया अवस्थी, रविन्द्र कौर, अनुपम सिंह, प्रिया शुक्ला, उम्मे समीरा, पूनम सिंह, मृदुल अवस्थी, राजकेश, अभिषेक पांडेय, निधी श्रीवास्तव, अभिषेक त्रिवेदी, आराधना सिंह, उमेन्द्र सिंह, अर्पित श्रीवास्तव, योगेंद्र त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे।

# शादी में आए जीजा की हत्या का पुलिस में किया खुलासा

### अवैध संबंधों के शक में साले ने गोली मारकर की थी हत्या, साले ने जीजा को पहले पिलाई शराब फिर गोली मारकर करने लगा डीजे पर डांस



**फैयाज़ साग़री**

शाहजहांपुर। पुलिस ने जीजा की हत्या करने वाले दो सालों को गिरफ्तार किया है। साले ने अपनी पत्नी से जीजा के संबंधों के शक के चलते अपने जीजा को मौत के घाट उतार दिया था। शाहजहांपुर के थाना निगोही में 24 मई को जीजा अमित कुमार की गोली मारकर हत्या कर दी थी। अमन और अभिषेक ने शादी में आए अपने जीजा को मौत के घाट उतारने का प्लान काफी समय पहले ही बना लिया था। जिस को अंजाम देने के लिए दोनों भाइयों ने मिलकर एक अवैध असलाह भी खरीदा था। फिर जब जीजा उनके घर एक शादी समारोह में शामिल होने आया तो दोनों साले मिलकर जीजा को शराब पिलाने के बहाने खेत में ले गए और वहां पर जीजा के सर में गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। जीजा की हत्या करने के बाद दोनों साले फिर से आकर शादी में शामिल हो गए और डीजे की धुन पर जमकर नाचने लगे। फिलहाल पुलिस ने इस पूरे हत्याकांड का खुलासा किया है साथ ही पुलिस अवैध असलाह बेचने वाले और अवैध असलाह में प्रयोग होने वाले कारतूस कहां से आए इस सब विषयों पर भी जांच कर रही है।

# सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा कर मांगी पति की लंबी आयु की कामना

### ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन मनाया जाता वट सावित्री व्रत

**फैयाज़ साग़री**

शाहजहांपुर। वट सावित्री व्रत पूजा कर सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु की कामना की। इस दिन महिलाएं पति के लिए दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला उपवास रखती है। शाहजहांपुर ग्रामीण इलाकों से लेकर शहरी इलाकों में बट वृक्ष की पूजा अर्चना कर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु और वैवाहिक जीवन सुखी और समृद्धि गुजरे इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना कामना की। सुबह होते ही वट सावित्री पूजा के लिए सुहागिन महिलाओं की भीड़ पूरे जनपद में वट वृक्षों व मंदिरों पर उमड़ पड़ी। सुबह से ही वट वृक्ष के नीचे सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु की कामना को लेकर पूजा अर्चना व परिक्रमा करती हुई मौली धागा को वट वृक्ष में लपेटते हुए अपने पति की दीर्घायु की मंगल कामनाएं करने लगी। वट सावित्री का सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य के लिए व्रत रखती हैं, प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन यह व्रत रखा जाता है। धार्मिक मान्यताओं पौराणिक कथाओं और ग्रंथों के अनुसार



पूर्व काल में यमराज से लड़कर सावित्री ने अपने पति सत्यवान की जान बचाई थी। ऐसा कहा जाता है, कि सावित्री यमराज से लड़कर अपने कठिन तपस्या से अपने पति सत्यवान के प्राणों को वापस लाईं थी, इसी प्रेरणा से सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए वट सावित्री का व्रत रख कर प्रभु से अपने पति की लंबी आयु और अखंड सुहाग के लिए कामना करती है।

# राहुल भारत को विदेश में बदनाम करते है : ओमप्रकाश राजभर



सुल्तानपुर। पंचायतीराज विभाग के मंत्री ओमप्रकाश राजभर का आज जिले में आगमन हुआ। पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के दोस्तपुर स्थित टोल प्लाज़ा पर मंत्री का स्वागत अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत हरिओम नारायण, जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ल और जिला पंचायत के राजस्व निरीक्षक जितेंद्र बहादुर सिंह ने भव्य रूप से किया। मंत्री राजभर ने जिले में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त किया और ज़मीनी स्तर पर कार्यों को और गति देने के निर्देश दिए। दौरे पर आए कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा जो कार्यकर्ता एमएलए या एमपी का चुनाव नहीं लड़ सकता, वो पंचायत का चुनाव लड़ता है। राहुल गांधी पर बोले- वे जब भी विदेश जाते हैं, भारत को बदनाम करते हैं। वहीं अखिलेश पर निशाना साधते हुए कहा कि अब अखिलेश के पास कोई ठोस जिम्मेदारी नहीं बची है, वे केवल विरोध की राजनीति में लगे रहते हैं। ओपी राजभर अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने सुलतानपुर पहुंचे थे। कलेक्ट्रेट परिसर में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान जिलाधिकारी कुमार हर्ष, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की। ओपी राजभर ने जाते समय मीडिया से बातचीत की। उन्होंने आगामी पंचायत चुनाव, राहुल गांधी, अखिलेश यादव और प्राथमिक शिक्षा पर बात की। ओपी राजभर ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी गठबंधन की राजनीति से दूरी बनाए रखेगी। उन्होंने कहा कि समझौते में लड़ने पर कम सीटें मिलती हैं, जिससे छोटे नेताओं को मौका नहीं मिल पाता। यही वजह है कि हम हमेशा कोशिश करते हैं कि ज़्यादा से ज़्यादा अपने नेताओं को चुनाव मैदान में उतारें। हम पहले भी अकेले लड़े हैं और आगे भी अकेले लड़ेंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए ओपी राजभर ने तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जब भी विदेश जाते हैं, भारत को बदनाम करते हैं। जब उनकी पार्टी 60 साल तक सत्ता में थी, तब उन्होंने विदेश नीति क्यों नहीं सुधारी। अगर बेहतर नीति बनाई होती।

# प्रभारी मंत्री ने यूपी परिवहन निगम के निर्माणाधीन वर्कशॉप का किया निरीक्षण



**फैयाज़ साग़री**

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों के लिए स्वीकृत 1059.53 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन वर्कशॉप बस डिपो कार्य का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली। प्रभारी मंत्री ने कार्यदायी संस्था के अभियंता को निर्देश दिए कि कार्य को 15 जून तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता की भी गहनता से जांच की। साथ ही निर्देशित किया कि वर्कशॉप परिसर के चारों ओर बाउंड्रीवाल के पास वृक्षारोपण कराया जाए तथा परिसर को समतल कर सीसी (कंक्रीट) से मजबूत बनवाया जाए। प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरविंद कुमार सहित कार्यदायी संस्था के अभियंता भी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री द्वारा बेसिक शिक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ

**फैयाज़ साग़री**




शाहजहांपुर के विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री के करकमलों द्वारा बेसिक शिक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के शुभारंभ तथा लोकार्पण का सीधा प्रसारण किया गया। इस अवसर पर जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अधिकारियों द्वारा सांसद अरुण सागर, महापौर अर्चना वर्मा, विधायक जलालाबाद हरिप्रकाश वर्मा, विधायक कटरा वीर विक्रम सिंह प्रिंस, विधायक तिलहर सलोना कुशवाहा, एम.एल.सी. सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णचंद्र मिश्र, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रताप सिंह एवं महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता को सहजन का पौधा भेंट किया गया। मुख्यमंत्री ने सजीव प्रसारण के दौरान अपने संबोधन में स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों तथा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (स्ष्टश्वक्रञ्ज) के डिजिटल स्टूडियो का लोकार्पण किया। उन्होंने प्रदेश में बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों व प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान द्वारा डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु शैक्षिक वीडियो तैयार किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विद्यालयों में छात्र-शिक्षक अनुपात को संतुलित करने की आवश्यकता पर बल दिया एवं प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री मॉडल स्कूल की स्थापना की घोषणा की। उन्होंने शिक्षकों से आधुनिक शिक्षण विधियों के उपयोग और आगामी जुलाई माह में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत घर-घर संपर्क करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार के प्रोत्साहन से शिक्षक नवाचारों को प्रभावी रूप से लागू कर रहे हैं। प्रसारण के उपरांत प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अपने संबोधन में जनपद शाहजहांपुर में बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में हुई अभूतपूर्व प्रगति की सराहना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जिला प्रशासन एवं बेसिक शिक्षा विभाग की टीम मिलकर जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान पर पहुंचाएगी। इस अवसर पर निपुण भारत मिशन के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले खंड शिक्षा अधिकारियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया, जिनमें भावलखेड़ा के विनय मिश्रा, जलालाबाद की शाहीन बी., कलान के सतीश मिश्रा, बंडा के नवीन पटेल एवं निगोही के रमेश पंकज शामिल हैं। जनपद के पाँच प्रधानाध्यापकों - विश्वास त्रिपाठी, संतोष कुमार, इमरान सईद, सुखदेव पाठक एवं अनुपम सिंह को टैबलेट वितरित किए गए। स्मार्ट क्लास की स्थापना हेतु विश्राम सिंह (उच्च प्राथमिक विद्यालय कुरसंडा), पल्लवी (उच्च प्राथमिक विद्यालय जेवा), राधेश्याम (उच्च प्राथमिक विद्यालय चौढरा), राजीव शर्मा (उच्च प्राथमिक विद्यालय बैसरा बैसरी) एवं दिनेश गंगवार (कंपोजिट विद्यालय लालपुर) को सम्मानित किया गया। आईसीटी लैब की स्थापना हेतु मोहम्मद यासीन (उच्च प्राथमिक विद्यालय काजीपुर), पुष्पलता वर्मा (उच्च प्राथमिक विद्यालय परशुरामपुर), अशफाक (उच्च प्राथमिक विद्यालय बरेंडा), दीपेन्द्र सिंह (कंपोजिट विद्यालय रक्सा) एवं श्री श्याम कुमार त्रिवेदी (कंपोजिट विद्यालय इटौली) को भी प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। निपुण भारत मिशन में विशेष योगदान हेतु एसआरजी डॉ. अरुण कुमार गुप्ता, श्रीमती ममता शुक्ला, अश्विनी कुमार अवस्थी, स्काउट एवं गाइड से निकहत परवीन एवं दपिंदर कौर, डिजिटल कॉन्टेंट क्रिएशन हेतु प्रियंका गंगवार तथा गतिविधि आधारित शिक्षण हेतु योगेश त्रिवेदी एवं लाल सिंह को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, सीडीओ डॉ अपराजिता सिंह, डीआईओएस हरिवंश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में विलंब न हो, कोई भी शिकायती प्रार्थना पत्र डिफाल्टर की श्रेणी में न पहुंचे जिलाधिकारी

## असंतुष्ट फीडबैक के प्रति सजग रहें, प्राप्त असंतुष्ट फीडबैक का तत्काल करें निस्तारण, असंतुष्ट फीडबैक के कारण खराब होगी जनपद की रैंकिंग अंजनी कुमार*

**( रामजी लाल गोस्वामी )**

**मैनपुरी** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जन सुनवाई प्रणाली पोर्टल पर होने वाले असंतुष्ट फीडबैक एवं लम्बित सन्दर्भों की विभागवार समीक्षा के दौरान कहा कि सभी अधिकारी शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापरक निराकरण के लिए सजग रहें. प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय-सीमा में हो, शिकायतकर्ता से वार्ता के उपरांत ही उसके संतुष्ट होने पर निस्तारण आंख्या अपलोड की जाए, कोई भी अधिकारी शिकायत के डिफॉल्ट होने की प्रतीक्षा न करें, कोई भी शिकायत सी श्रेणी में न मिले, किसी भी शिकायत में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त न हो। उन्होने कहा कि शासन स्तर से प्राप्त असंतुष्ट फीडबैक में कमी आई है लेकिन कुछ विभागों में असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुये हैं, सम्बन्धित अधिकारी प्राप्त असंतुष्ट फीडबैक को तत्काल निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि मौके पर जाने से पूर्व शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता करें ताकि वह मौके पर मौजूद रहे और उसकी उपस्थिति में समस्या का निदान किया जा सके, शिकायत के निस्तारण के उपरांत मौके पर उपस्थित 02 गवाहों के साथ शिकायतकर्ता के भी हस्ताक्षर कराये जाएं यदि आवेदक असंतुष्ट हो तो शिकायत पर असंतुष्ट होने का कारण इंगित किया जाए। उन्होंने समीक्षा के दौरान कहा कि सर्वाधिक असंतुष्ट फीडबैक विद्युत विभाग से संबंधित प्राप्त हुए हैं, जबकि सबसे ज्यादा 14 में से 12 संतुष्ट फीडबैक जिला पूर्ति अधिकारी के प्राप्त हुए हैं जबकि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी के शत-प्रतिशत असंतुष्ट फीडबैक मिले है। श्री सिंह ने हेल्पलाइन सन्दर्भ की समीक्षा करने पर पाया कि दि. 22 अप्रैल से 22 मई के मध्य अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका से सम्बन्धित 55 फीडबैक में से 19, अधिशाषी अभियंता सिंचाई



से सम्बन्धित 40 फीडबैक में से 17, तहसीलदार कुरावली से सम्बन्धित 18 फीडबैक में से 12. पूर्ति निरीक्षक कुरावली से सम्बन्धित 19 फीडबैक में से 11, जिला प्रोबेशन अधिकारी से सम्बन्धित 15 फीडबैक में से 09, बाल विकास परियोजना अधिकारी सुल्तानगंज से सम्बन्धित 19 फीडबैक में से 08, बाल विकास परियोजना अधिकारी जागीर से सम्बन्धित 10 फीडबैक में से 07, बाल विकास परियोजना अधिकारी बेवर से सम्बन्धित 19 फीडबैक में से 06, बाल विकास परियोजना अधिकारी घिरोर से सम्बन्धित 16 फीडबैक में से 06, बाल विकास परियोजना अधिकारी बरनाहल से सम्बन्धित 12 फीडबैक में से 05, पूर्ति निरीक्षक किशनी से सम्बन्धित 19 फीडबैक में से 04, पूर्ति निरीक्षक भोगांव से सम्बन्धित 18 फीडबैक में से 04, तहसीलदार सदर से सम्बन्धित 11 फीडबैक में से 04, अधिशाषी अभियंता सिंचाई से सम्बन्धित 15 फीडबैक में से 03, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से सम्बन्धित 13 फीडबैक में से 03. तहसीलदार भोगांव से 15 फीडबैक में से 03, जिला कार्यक्रम अधिकारी से सम्बन्धित 07 फीडबैक में से 03, पूर्ति निरीक्षक सदर से सम्बन्धित 12 फीडबैक में से 03, प्रभारी चिकित्साधिकारी मैनपुरी से सम्बन्धित 04 फीडबैक में से 03, पूर्ति निरीक्षक घिरोर से सम्बन्धित 14 फीडबैक में से 02, बाल विकास अधिकारी परियोजना अधिकारी करहल से सम्बन्धित 09 फीडबैक में से 02, बाल विकास अधिकारी कुरावली, सदर से सम्बन्धित 07 फीडबैक में से 02-02, प्रभारी चिकित्साधिकारी जागीर से सम्बन्धित 05 फीडबैक में से 02, प्रभारी चिकित्साधिकारी कुरावली से सम्बन्धित 04 फीडबैक में से 02, प्रभारी चिकित्साधिकारी करहल से सम्बन्धित 03 फीडबैक में से 02, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी से सम्बन्धित 02 फीडबैक में से 01-01 शिकायतों के निस्तारण पर असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुआ है जबकि उप निदेशक कृषि, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, सहायक अभियंता लघु सिंचाई उप जिलाधिकारी किशनी, तहसीलदार घिरोर, सब रजिस्ट्रार, सहायक विकास अधिकारी बरनाहल, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत किशनी से सम्बन्धित शत-प्रतिशत शिकायती प्रार्थना पत्रों पर अंसतुष्ट फीडबैक मिला है जिलाधिकारी ने आई.जी.आर.एस. पोर्टल की समीक्षा में पाया कि दि. 22 अप्रैल से 22 मई के मध्य अधिशाषी अभियंता से सम्बन्धित 60 फीडबैक में से 29, मुख्य चिकित्साधिकारी से सम्बन्धित 12 फीडबैक में से 08, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से सम्बन्धित 07 फीडबैक में से 07, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी से सम्बन्धित 05 फीडबैक में से 03-03, जिला आबकारी अधिकारी से सम्बन्धित 05 फीडबैक में से 01, तहसीलदार सदर से सम्बन्धित 21 फीडबैक में से 05, तहसीलदार भोगांव से सम्बन्धित 09 फीडबैक में से 07, तहसीलदार कुरावली से सम्बन्धित 06 फीडबैक में से 04, उप जिलाधिकारी सदर से सम्बन्धित 09 फीडबैक में से 02, उप जिलाधिकारी कुरावली से सम्बन्धित 09 फीडबैक में से 07 शिकायतों के निस्तारण पर असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुआ है जबकि उप जिलाधिकारी घिरोर, सब रजिस्ट्रार घिरोर, सब रजिस्ट्रार भोगांव, तहसीलदार घिरोर, सब रजिस्ट्रार करहल, बाल विकास परियोजना अधिकारी किशनी, घिरोर, प्रभारी चिकित्साधिकारी सुल्तानगंज से सम्बन्धित शत-प्रतिशत शिकायती प्रार्थना पत्रों पर अंसतुष्ट फीडबैक मिला है।

# संक्षिप्त समाचार

## *प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप 28 मई को जनपद भ्रमण पर पधार रहे

**मैनपुरी** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, जनपद के प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप दि. 28 मई को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं, मा. मंत्री जी पूर्वान्ह 11 बजे रानी अहिल्याबाई होल्कर के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित पंचायत प्रतिनिधियों के सम्मेलन में सम्मिलित होंगे, दोपहर 12.30 बजे से विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की कलैक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करेंगे, अपरान्ह 03.30 बजे निर्माणाधीन टाइप-4 आवास के कार्यों का निरीक्षण करने के उपरांत अपरान्ह 04 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

## मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोदना का किया औचक निरीक्षण

मैनपुरी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आरसी गुप्ता ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोदना घिरोर का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के समय डॉक्टर अपराजिता सिंह मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर कीर्ति यादव मेडिकल ऑफिस ऑफिसर प्रदीप कुमार स्टाफ नर्स आरती स्टाफ नर्स अंजू देवी स्टाफ नर्स प्रीति राजपूत लैब टेक्नीशियन कुमारी संगीता लैब टेक्नीशियन धर्मवीर सिंह स्झरू श्रीमती रेणु स्वीपर चौकीदार अनुपस्थित मिले सभी का एक दिन का वेतन काटते हुए स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रवीण कुमार यादव को दिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने चिकित्सा अधीक्षक से आभा आईडी के बारे में जानकारी ली और इसको बनवाने की निर्देश दिए ओपीडी आईपीडी लैब वार्ड आदि का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए वार्ड में गंदगी मिलने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तुरंत व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए इस अवसर पर डॉ प्रवीण कुमार यादव चिकित्सा अधीक्षक प्रभारी जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी रविंद्र सिंह गौर फार्मासिस्ट रविंद्र यादव डॉक्टर नीत डॉ नीतू यादव डॉक्टर अंकित यादव आदि मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने नवीगंज चौकी का किया निरीक्षण जनपद सीमा पर बनी पुलिस चौकी पर चौकन्ना रहे पुलिस

मैनपुरी के थाना क्षेत्र बेवर के अंतर्गत जनपद कन्नौज और मैनपुरी की सीमा पर बनी नवीगंज चौकी का पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा एवं अपर पुलिस अधीक्षक शहर अरुण कुमार सिंह द्वारा निरीक्षण किया गया।निरीक्षण दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बताते चलें कि अभी हाल में नवीगंज चौकी क्षेत्र में गौरक्षक टीम की सूचना पर मांस भरे कंटेनर को पुलिस ने कब्जे में लिया था।सोमवार को पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने नवीगंज चौकी पर औचक निरीक्षण किया निरीक्षण दौरान उन्होंने कहा कि नवीगंज पुलिस चौकी महत्वपूर्ण चौकी है क्योंकि ये जनपद की सीमा पर स्थित है इसलिए तैनात स्टाफ पूरी तरह से सतर्क रहकर अपनी ड्यूटी करे।उन्होंने हाल में पकड़े गए मांस भरे कंटेनर का भी निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई।साथ ही चौकी परिसर के बाहर पड़ी जमीन के संबंध में भी जानकारी ली।उन्होंने कहा चौकी की जगह अच्छी है, विस्तार के लिए कोशिश करेंगे जिससे नवीगंज को थाना बनाया जा सके।नवीगंज क्षेत्र से दर्जनों गांव जुड़े हुए हैं।इस मौके पर एसपी सिटी अरुण कुमार सिंह, सीओ सत्यप्रकाश शर्मा,वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुखवीर सिंह मौजूद रहे।

## जीजीआईसी में छात्राओं को सीपीआर व आकस्मिक उपचार की जानकारी दी




**विचार सूचक**

**नहटौर।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप के अन्तर्गत एमएम क्लिनिक के एमडी डॉ मौ राशिद ने छात्राओं को सीपीआर एवं आकस्मिक उपचार की जानकारी दी। सोमवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप में एमएम क्लिनिक के एमडी डॉ मौ राशिद ने स्कूल में पहुंचकर छात्राओं को सीपीआर की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अचानक आने वाले आकस्मिक उपचार की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को बताया कि सीपीआर एक जीवन रक्षक तकनीक है जिसका उपयोग आपातकालीन स्थितियों में किया जाता है जब किसी की सांस या दिल की धड़कन रुक जाती है। कुछ मामलों में, इसमें मुंह से मुंह के ज़रिए सांस लेना शामिल होता है ताकि चिकित्सा सहायता आने तक शरीर में ऑक्सीजन का संचार बना रहे। साथ ही उन्होंने आकस्मिक उपचार में काम आने वाली दवाइयों की जानकारी दी ओर अचानक आने वाले हार्ट अटैक के कारणों को समझाया। इसके अलावा छात्राओं को समर कैंप में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने की अपील की गई। इस अवसर पर हाफिज अतहर हसन,मौ सादिक, प्रधानाचार्या बबीता रानी,संध्या शर्मा, डौली रानी,रूमाना, इकरा रहमान, रुकय्या परवीन,भोपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बैल की टक्कर से बाइक सवार घायल

**विचार सूचक नहटौर।** बैल की टक्कर से बाइक सवार दंपति व पुत्री घायल हो गई। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार मंडावर क्षेत्र के गांव मानसापुर निवासी नरपाल सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह उम्र 45 वर्ष अपनी पत्नी ऊषा उम्र 42 वर्ष तथा पुत्री काजल उम्र 9 वर्ष को साथ लेकर अपनी ससुराल नहटौर क्षेत्र के गांव कमालपुर पहाड़पुर आया था। बताया जाता है कि वह शाम के समय तीनों दवाई लेने के लिए वहां से हल्दौर जा रहे थे। इसी दौरान हल्दौर मार्ग पर नहर के निकट उनकी बाइक को सड़क किनारे चर रहे बैल ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। घटना में दंपती व उनकी बेटी घायल हो गई। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# आमिर निगार को दिल्ली में मिला नेल्स आर्ट बेस्ट अवार्ड

## कोरियोग्राफर आमिर निगार दिल्ली सहित बड़े शहरों में कर रहे धामपुर का नाम रोशन




**( मास्टर अकील अहमद जिला प्रभारी )विचार सूचक** दिल्ली के होटल रेडिसन ब्लू मैपल गोल्ड में आयोजित शिज़ बी लिमिटेड प्राइवेट कंपनी के सम्मान समारोह में में प्रसिद्ध कोरियोग्राफर आमिर निगार को टीवी कलाकार नीलू वाघेला द्वारा नेल्स आर्ट बेस्ट शअवार्ड देकर सम्मानित किया।

पीरागढ़ी मेट्रो स्टेशन के पास पश्चिम विहार स्थित होटल रेडिसन ब्लू मेपल गोल्ड दिल्ली में कविता डगर की अध्यक्षता तथा कार्यक्रम की डायरेक्टर गीता डागर के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में टीवी अभिनेत्री नीलू वाघेला द्वारा धामपुर निवासी कोरियोग्राफर आमिर निगार को नेल्स आर्ट बैस्ट अवार्ड से सम्मनित किया गया। निगार को मेरठ में राजहंस बैंकेट होल म नवीना बोले दुवारा सामाजिक कार्य पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया इस अवसर पर सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट शीना सिद्दीकी, सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट सीमा गुप्ता, तौसीर, आशु मेकअप आर्टिस्ट सुंदरयम ब्यूट सेंटर, डॉ सबा उस्मानी, , पूनम चौहान, नितेश सैनी, रोहित, राहुल आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम में अनिल अरोड़ा, राजेश आनंद, गौरव जैन, जुनैद खान, हरजिंदर कौर, नदीम पत्रकार, निशा सिसौदिया, मॉडल ख़ुशी शेख, राज डगर आदि शामिल रहें। शीज़ बी लिमिटेड प्राइवेट कंपनी की डायरेक्टर गीता डागर ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने हेतु विद्यालयों में आयोजित करायें जायें कार्यक्रम : मुख्य विकास अधिकारी

**( रामजी लाल गोस्वामी )**

**मैनपुरी** मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने नारको को-ऑर्डिनेशन सेंटर की जिला स्तरीय समिति की बैठक में मादक पदार्थों का सेवन न करने संबंधी शपथ दिलाते हुए कहा कि हमारे देश में विशेष रूप से युवाओं के बीच नशीली दवाओं का दुरुपयोग बढ़ता जा रहा है और यह चिंता का विषय है, हम सबको नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम में सहयोग करना होगा, किसी भी प्रयोजन के लिए किसी भी प्रकार से हानिकारक, अवैध पदार्थों का सेवन न करने, प्रत्येक व्यक्ति, विशेषत: युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता पैदा करनी होगी ताकि भारत का युवा वर्ग नशामुक्त जीवन-यापन कर सके और वह समाज के रचनात्मक एवं महत्वपूर्ण सदस्य बन सके, सभी प्रण लें कि नशे से दूर रहेंगे और स्वस्थ जीवन-यापन करेंगे। उन्होने कहा कि बड़ी संख्या में लोग जानकारी के बावजूद तंबाकू से बने उत्पादों का सेवन करते हैं, धीरे-धीरे यह शौक बुरी लत में बदल जाता है, सिगरेट, बीड़ी, जर्दा, गुटखा, खैनी, हुक्का, चिलम से सभी को बचना होगा, तंबाकू से बने उत्पादों का सेवन करने वाले लोगों विशेषतौर पर युवा पीड़ी को बुरी आदत से बचने के लिए प्रेरित करना होगा।

***सी.डी.ओ. ने कहा कि तम्बाकू के खतरे को नियंत्रित करने के प्रयासों के बावजूद***

तम्बाकू के इस्तेमाल की व्यापकता बच्चों और किशोरों के बीच खतरनाक अनुपात में बढ़ रही है. बच्चों में जागरूकता के उद्देश्य से समस्त विद्यालयो में प्रार्थना सभा में छात्रों को तम्बाकू अन्य नशों से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया जाये, विद्यालय के आस-पास कोई असामाजिक तत्व छात्रों को नशे की सामग्री, तम्बाकू आदि बाकू आदि का सेवन करने के लिए प्रेरित न करे, इसकी भी निगरानी की जाये। उन्होने कहा कि नारकोटिक्स पदार्थों की तस्करी के तरीकों, अन्तर्राज्यीय कनेक्शन वाले अभियोगों की विवेचनाओं का सघन पर्यवेक्षण किया जाये, नारकोटिक्स ड्रग की पहचान हेतु आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्ञानेश्वर प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी, डा. आर.सी. गुप्ता, प्रभागीय निदेशक समाजिक वानिकी संजय मल्ल, जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार, जिला कृषि अधिकारी डा. सूर्य प्रताप, बाल संरक्षण अधिकारी अल्का मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस तथा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का जिलाधिकारी ने कियाा मासिक निरीक्षण



**( मास्टर अकील अहमद जिला प्रभारी )**

**विचार सूचक बिजनौर** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा आज अपराहन 03:30 बजे झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस तथा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भाजपा से धीर सिंह, कांग्रेस से नीरज चौधरी, बसपा मोहम्मद सिद्दीक तथा सपा से जिला अध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन एवं प्रवक्ता अख़लाक़ पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। जिलाधिकारी श्रीमती कौर द्वारा सर्वप्रथम झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, इस अवसर पर सीसीटीवी कंट्रोल रूम संचालित पाए गए। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया। तदोपरांत उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित निरीक्षण के दौरान ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों सहित ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया, सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं।

# सांसद प्रतिनिधि ने अलीगढ़ में मीट व्यापारियों पर हुए हमले की निंदा की



**नहटौर।** आज़ाद समाज पार्टी के सांसद प्रतिनिधि शाकिर प्रधान ने अलीगढ़ में मारपीट को लेकर मीट व्यापारियों के साथ हुई घटना की निंदा की है। साथ ही उन्होंने घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है। आज़ाद समाज पार्टी के नहटौर विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि शाकिर प्रधान ने एक बयान में कहा कि थाना हरदुआ गंज के अभहदादपुर बोनेपुर चौराहे के पास मीट व्यापारियों के साथ मारपीट करना हैवानियत को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि व्यापारी अकील, कदीम अरबाज और ड्राइवर अलीगढ़ मीट फैक्ट्री से माल खरीदकर सप्लाई के लिए जा रहे थे। इस फैक्ट्री का बिल भी उनके पास था। लेकिन देश में अराजकता फैलाने वाले संगठन के लोगों ने उन पर जानलेवा हमला किया।जो निंदनीय है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। उन्होंने कहा कि देश भाईचारे, कानून व संविधान से चलेगा। उन्होंने कहा कि खुलेआम अपराधी घटना को अंजाम दे रहे हैं। कुछ संगठनों की हठधर्मी से देश नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि दलितों और मुस्लिमों पर इस तरह के हमले करना आम बात हो गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह के लोग देश में नफरत फैला रहे है। गंगा जमुना तहजीब से चलने वाले देश को उस तरह लोग नफरत की ओर ले जा रहे है। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले कोई भी हो, उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। जिससे आने वाले समय में इस तरह की कोई घटना न घट सके ओर कोई भी व्यक्ति इस तरह की हरकत करने से पहले हजार बार सोचे ।

## वन डे वर्कशॉप ऑन यूज़ ऑफ स्टेटिस्टिकल टूल इन रिसर्च

**( मास्टर अकील अहमद जिला प्रभारी )विचार सूचक बिजनौर**

रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय बिजनौर में प्राचार्या प्रोफेसर पारुल त्यागी के दिशानिर्देशन में गृह विज्ञान विभाग द्वारा रिसर्च मेथोडोलॉजी की वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें एक्सटर्नल रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉक्टर कनक चौहान (एस0बी0डी0 कॉलेज धामपुर) तथा इंटरनल रिसोर्स पर्सन के रूप में श्री प्रताप सिकदर उपस्थित रहे अपने व्याख्यान में डॉक्टर कनक चौहान ने गृहविज्ञान के शोध में इस्तेमाल होने वाले विभिन्न प्रकार के स्टेटिस्टिकल टूल के बारे में बताया तथा शोध में उनके उपयोग पर भी प्रकाश डाला श्री प्रताप सिकदर ने पैरामीट्रिक एंड नॉन पैरामीट्रिक टेस्ट के विषय में विस्तार से बताया उपरोक्त कार्यक्रम में गृह विज्ञान में प्रयोग होने वाली रिसर्च मेथोडोलॉजी एवं उसमें प्रयोग होने स्टेटिस्टिकल टूल पर विस्तार से प्रकाश डाला गया **कार्यक्रम का सफ़ल संचालन विभाग की असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉक्टर मीनू सिरोही ने किया** कार्यक्रम के अंत में विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती शिखा मालवीय ने धन्यवाद ज्ञापित किया7 इस कार्यक्रम में विभाग की सभी शिक्षिकाओं जिसमें श्रीमती पूजा कुमार, श्रीमती रेनू राजपूत ,श्रीमती स्वाति चौधरी,कुमारी अलीशा, कुमारी मीनू ,लैब असिस्टेंट इंदु शर्मा और श्री माधव का पूर्ण सहयोग रहा ।

# पिता और दो पुत्रों की निर्मम हत्या, फैली दहशत

**जौनपुर।** एक साथ तीन हत्याओं से दहशत फैल गयी, बदमाशों ने बाप और दो बेटो की निर्मम हत्या कर दी। जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र के नेवादा बाईपास पर उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक वेल्डिंग वर्कशॉप से एक ही परिवार के तीन लोगों के खून से लथपथ शव बरामद हुए। मृतकों की पहचान वर्कशॉप के मालिक गुड्डू कुमार, उनके भाई यादवीर और पिता लालजी के रूप में हुई है। तीनों की सर पर हमला किया गया जिससे उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी जब मृतकों के परिजनों व रिश्तेदारों को हुई तो वे भी मौके पर पहुंच गये और पुलिस द्वारा शवों को बिना उन्हें दिखायें पोस्टमार्टम हेतु भेज दिये जाने से नाराज परिजनों व रिश्तेदारों ने जमकर बवाल मचाया । पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ मौके पर पहुंचे और बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होता है। घटनास्थल से चार मोबाइल फोन और एक हथौड़े जैसा घातक हथियार बरामद हुआ है। एडीजी जोन वाराणसी पीयूष मोर्डिया व पुलिस उपमहानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र, वाराणसी वैभव कृष्ण द्वारा थाना जफराबाद



नेवादा बाईपास पर स्थित लालजी वेल्डिंग वर्कशाप पर हुई तीन हत्याओं के घटनास्थल का निरीक्षण किया गया और घटना के शीघ्र अनावरण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया । परिवार ने शक जताया है कि कुछ लोगों से लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसे पुलिस अब गंभीरता से जांच रही है।इस तिहरे हत्याकांड के खुलासे के लिए आठ पुलिस टीमों का गठन किया गया है। फिलहाल जौनपुर दहशत के साए में है और लोग इस निर्मम हत्याकांड को लेकर सहमे हुए हैं। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा। क्षेत्र में चर्चा है किजफराबाद थानाध्यक्ष से यहां की कमान नहीं संभल रही है। नेवादा बाईपास पर ट्रिपल मर्डर से हड़कंप, कानून-व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल । इस घटना ने पूरे जनपद को हिला कर रख दिया है। एक ही परिवार के तीन लोगों पिता लालजी व उनके दो पुत्रों गुड्डू कुमार और यादवीरकी लोहे की रॉड और हथौड़े से बेरहमी से हत्या कर दी गई। वारदात इतनी नृशंस थी कि शवों की हालत देखकर हर कोई सन्न रह गया।मृतक परिवार 'लालजी वेल्डिंग वर्कशॉप' के नाम से नेवादा बाईपास पर एक प्रतिष्ठान चलाता था।

# दिव्यांगजनों एवं दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन शिविर का आयोजन प्रत्येक विकासखण्ड कार्यालय परिसर में किया जायेगा

**विचार सूचक *बिजनौर**

-----------------

मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांगजनों एवं दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन, उनके समग्र पुनर्वासन एवं उन आवश्यकतानुसार नि:शुल्क कृत्रिम अंग / सहायक उपकरण के लिए दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, वैसाखी, कान की मशीन, लेप्रो किट, एम0आर0 किट एवं स्मार्ट केन आदि सहायक उपकरण को दिये जाने के लिए आवेदन भराये जायेगें एवं पात्र दिव्यांग / कुष्ठावस्था पेश पेंशन में आधार प्रमाणीकरण, पेंशन में फैमिली आई0डी0, यू0डी0आई0 कार्ड, दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, दुकान संचालित योजना, शल्य चिकित्सा कॉक्लियर इम्पलान्ट करेक्टिव सर्जरी योजना के अन्तर्गत चिन्हांकन शिविर का आयोजन प्रत्येक विकासखण्ड कार्यालय परिसर में किया जायेगा। उन्होंने आयोजित होने वाले शिविरों के रोस्टर की तिथिवार जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 3 जून को नजीबाबाद 4 जून,2025 को किरतपुर, 5 जून स्योहारा, 6 जून हल्दौर, 10 जून अफजलगढ़, 11 जून मोहम्मदपुर देवमल, 12 जून कोतवाली, 13 जून अल्लैहपुर, 17 जून जलीलपुर, 18 जून नहटौर तथा 19 जून को नूरपुर विकासखंड में सम्मिलित नगरीय क्षेत्र विकासखंड मुख्यालय पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद में निवासरत सभी दिव्यांगजनों को चिन्हॉकन शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दिव्यांगता प्रदर्शित होती फोटो एवं तहसील/प्रधान/जनप्रतिनिधि द्वारा प्रदत्त आय प्रमाण पत्र, ग्रामीण क्षेत्र रु0 46080/- वार्षिक, शहरी क्षेत्र हेतु रू0 56460/से अधिक का आय प्रमाण पत्र न हो, मूल निवास प्रणाम प्रत्र, बैंक की पासबुक आदि की फोटो कापी, मो0 नं0 साथ में लाना आवश्यक है।












## सिकंदर ओटीटी रिलीज- सिनेमा के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म पर धमाल मचाने आई सलमान खान की एक्शन ड्रामा




**मुंबई।** मुंबई। सलमान खान की एक्शन फिल्म सिकंदर ओटीटी पर दस्तक दे दी है. भाईजान ने ओटीटी पर सिकंदर की रिलीज का अनाउंसमेंट किया है. इसके लिए उन्होंने एक मजेदार नया प्रोमो भी साझा किया है, जो एक्शन से भरपूर है. सलमान ने अपने दर्शकों से अपने अनोखे अंदाज में फिल्म देखने को कहा है. सलमान खान ने अपने स्वैग अंदाज में दर्शकों को बताया कि उनकी एक्शन फिल्म सिकंदर ने ओटीटी पर दस्तक दे दी है. इसके लिए उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक दमदार प्रोमो जारी किया है और कैप्शन में लिखा है,सिकंदर को अभी नेटफ्लिक्स पर देखें. प्रोमो की शुरुआत सलमान खान से होती है, जो एक लिफ्ट के अंदर अपनी फिल्म सिकंदर का गाना हम आपके बिना... गुनगुनाते हैं. उनके साथ उनकी असिस्टेंट भी हैं, जो उन्हें बताती है, सर हम अनाउंसमेंट के लिए रेडी हैं. इस पर सलमान अपनी असिस्टेंट से पूछते हैं कि उनका डायलॉग क्या है. जब तक उनकी असिस्टेंट डायलॉग के लिए पेज पलटती है वैसे ही कुछ गुंडे भेष बदलकर लिफ्ट में घुस आते हैं. सलमान खान अपनी असिस्टेंट को प्रोटेक्ट करते दिखते हैं. इस दौरान लिफ्ट के कैमरे की ओर देखते हुए सलमान खान डायलॉग मारते हुए कहते हैं, अब तक तो पीछे पड़े थे, अब आगे खड़े हैं. ऊपर वाले देख रहे हो कि नहीं? इतने में गुंडे अपने हथियार निकाल कर लेते है, जिसके बाद भाईजान का गुंडों के साथ एक्शन सीन देखने को मिलता है. लिफ्ट के बाहर उनकी टीम बेसब्री से इंतजार कर रही है. उनमें से एक पूछता है, भाई क्यों नहीं आए? दूसरा जवाब देता है, भाई दिलो में आते हैं. यह सीन सलमान के सामने आकर अपने अनाउंसमेंट के साथ समाप्त होता है. वह अपने दर्शकों को बताते हैं कि सिकंदर अब नेटफ्लिक्स पर आ गया है. एआर मुर्गदास निर्देशित सिकंदर में सलमान खान, रश्मिका मंदाना अहम भूमिका में हैं. यह फिल्म संजय राजकोट की जर्नी को दिखाता है, जो एक राजा है, जो राजनीतिक भ्रष्टाचार में फंस जाता है. वह एक भ्रष्ट राजनेता के खिलाफ न्याय के खिलाफ खड़ा रहता है. इस मास एंटरटेनर में सलमान और रश्मिका मंदाना के साथ काजल अग्रवाल, शरमन जोशी, प्रतीक बब्बर और सत्यराज भी अहम भूमिकाओं में हैं.

## बॉक्स ऑफिस पर भूल चूक माफ ने लगाई छलांग, केसरी वीर की 2 दिन में हालत खराब




**मुंबई।** बीती 23 मई को सिनेमाघरों में 3 हिंदी फिल्में रिलीज हुईं। राजकुमार राव की भूल चूक माफ, सुनील शेट्टी की केसरी वीर और तीसरी श्रेयस तलपड़े की कंपकंपी। हालांकि, जहां भूल चूक माफ बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया प्रदर्शन कर रही है, वहीं केसरी वीर ने 2 ही दिन में दम तोड़ दिया है। कंपकंपी भी कुछ कमाल नहीं दिखा रही है। रिलीज के दूसरे दिन तो भूल चूक माफ ने तगड़ी छलांग लगाई है। भूल चूक माफ दर्शकों का दिल जीतती नजर आ रही है। यही वजह है कि फिल्म की कमाई का ग्राफ ऊपर बढ़ रहा है। सैकनिल्क के मुताबिक, भूल चूक माफ ने 7 करोड़ रुपये की ओपनिंग की थी, पर दूसरे ही दिन इसने छलांग लगाते हुए 9 करोड़ का कलेक्शन कर लिया। इसने दो दिन में 16 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। करण शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राजकुमार की जोड़ी वामिका गब्बी के साथ बनी है। जिस तरह से फिल्म ने दूसरे दिन बढ़त दिखाई है, अनुमान है कि यह वीकेंड पर अच्छा-खासा कारोबार कर लेगी। अभी इसके सामने कोई और बड़ी फिल्म नहीं हैं और जो भी रिलीज हुईं केसरी वीर और कंपकंपी, वो एकदम सुस्त नजर आ रही हैं। ओपनिंग डे पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली राजकुमार की फिल्मों में भूल चूक माफ दूसरे नंबर पर है। पहले नंबर पर स्त्री 2 है, जिसने 51.80 करोड़ रुपये के साथ ब्लॉकबस्टर ओपनिंग की थी। दूसरी ओर सुनील शेट्टी और सूरज पंचोली की पीरियड ड्रामा फिल्म केसरी वीर का तो बॉक्स ऑफिस पर बड़ा बुरा हाल है। पहले दिन इसने 25 लाख रुपये कमाए थे, वहीं दूसरे दिन भी फिल्म की कमाई 26 लाख में ही सिमटकर रह गई है। 2 दिन में केसरी वीर का कुल कारोबार 51 लाख रुपये ही हो पाया है। फिल्म की कहानी 14वीं शताब्दी में सोमनाथ मंदिर पर हुए हमले और बहादुर योद्धाओं की वीरता पर आधारित है( कपकपी ने पहले दिन सुनील शेट्टी की केसरी वीर को मात दे दी थी और 26 लाख रुपये कमाए थे।

## सीएसके ने गुजरात को हराकर जीत के साथ किया अपने सफर का अंत

**अहमदाबाद।** आईपीएल 2025 के 67वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने गुजरात टाइटंस को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 40 रनों से हरा दिया है. इस मैच में सीएसके के कप्तान धोनी ने टॉस जीता और जीटी के कप्तान शुभमन गिल को पहले फील्डिंग करने के न्योता दिया. सीएसके ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 230 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया. इसके जवाब में गुजरात टाइटंस की टीम 18.3 ओवर में 174 रनों बनाकर ऑल आउट हो गई और 38 रनों से मैच हार गई. इस मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए डेवाल्ड ब्रेविस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया. गुजरात टाइटंस के लिए पारी की शुरुआत करने के लिए साई सुदर्शन और शुभमन गिल आए. शुभमन गिल 13 रनों के निजी स्कोर पर लौट गए. इसके बाद जोस बटलर 5 और शेरफेन रदरफोर्ड 0 के निजी स्कोर पर आउट हुए. टीम के लिए सुदर्शन ने अच्छा खेल दिखाया और 28 बॉल पर 6 चौकों की मदद से 41 रनों की पारी खेली. वो टीम के टॉप स्कोरर रहे. उनके अलावा शाहरुख खान ने 19, राशिद खान ने 12, गेराल्ड कोएट्जी ने 8, अरशद खान ने 20 और राहुल तेवतिया ने 14 रनों का योगदान दिया लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए और पूरी टीम 147 रनों पर ढेर हो गई. सीएसके के लिए नूर अहमद और अंशुल कम्बोज ने सबसे ज्यादा 3 विकेट हासिल किए जबकि रविंद्र जडेजा को 2 विकेट प्राप्त हुए. इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 17 वर्षीय आयुष मात्रे ने 17 बॉल में 3 चौके और 3 छक्कों के साथ 34 रनों की पारी खेली. डेवोन कॉन्वे ने 35 बॉल में 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से 50 रन बनाए.

उर्विल पटेल ने 19 बॉल पर 4 चौके और 2 छक्कों के साथ 37 रनों का योगदान दिया. सीएसके के लिए सबसे ज्यादा रन डेवाल्ड ब्रेविस ने बनाए. उन्होंने 23 बॉल में 6 चौके और 5 छक्कों की मदद से कुल 57 रन बनाए. रविंद्र जडेजा ने 21 रनों का योगदान दिया और टीम को 230 तक पहुंचाया. गुजरात के लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने 2 और साई किशोर, राशिद खान और शाहरुख खान ने 1-1 विकेट हासिल किया.

## 2027 तक एजेंटिक एआई अपनाने में 383 प्रतिशत वृद्धि संभव : रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** भारत में ह्युमन रिसोर्स इंडस्ट्री के लीडर्स को उम्मीद है कि 2027 तक एजेंटिक एआई अपनाने में 383 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जा सकती है। यह जानकारी सोमवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। एजेंटिक एआई को ऐसी तकनीक के रूप में परिभाषित किया जाता है, जो एआई एजेंटों को इस प्रकार सक्षम बनाती है कि वे मानवीय निगरानी के बिना स्वायत्त रूप से कार्य कर सकें। अमेरिकी क्लाउड-बेस्ड सॉफ्टवेयर कंपनी सेल्सफोर्स द्वारा 200 ग्लोबल ह्यूमन रिसोर्स अधिकारियों के सर्वे के आधार पर बनाई गई रिपोर्ट से पता चलता है कि डिजिटल लेबर केवल एक ट्रेंड नहीं है, बल्कि यह एक व्यावसायिक रणनीति में क्रांति है। उन्हें उम्मीद है कि अगले दो वर्षों में एआई एजेंटों को अपनाने में 383 प्रतिशत की वृद्धि होगी, जिससे उत्पादकता में 41.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जा सकती है। निष्कर्षों से पता चलता है कि भारत में चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर (सीएचआरओ) अपने कर्मचारियों के लगभग एक चौथाई (24.7 प्रतिशत) को




फिर से स्थापित करने की उम्मीद करते हैं क्योंकि उनके संगठन डिजिटल लेबर को अपनाते हैं। 88 प्रतिशत एचआर प्रमुखों ने एआई एजेंटों द्वारा आकार दिए गए बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होने के लिए अपने कर्मचारियों को फिर से प्रशिक्षित करने की योजना बनाई है। इनमें से अधिकांश लीडर्स (81 प्रतिशत) इस बात से भी सहमत हैं कि रिलेशनशिप बिल्डिंग और सहयोग जैसे सॉफ्ट स्किल्स और भी अधिक महत्वपूर्ण होंगे क्योंकि मनुष्य एजेंटों के साथ काम करते हैं। सेल्सफोर्स के प्रेसिडेंट और चीफ पीपल ऑफिसर नथाली स्कार्डिनो ने कहा, हर इंडस्ट्री को नौकरियों को फिर से डिजाइन करना होगा। हर कर्मचारी को डिजिटल श्रम क्रांति में सफल होने के लिए नए ह्यूमन, एजेंट और व्यावसायिक कौशल सीखने की आवश्यकता होगी। रिसर्च से मिली महत्वपूर्ण जानकारी से पता चलता है कि भारत में एचआर लीडर्स का मानना है कि डिजिटल लेबर भविष्य है और इसका इंटीग्रेशन उनकी भूमिका के लिए महत्वपूर्ण है।

## हैदराबाद ने धमाकेदार जीत के साथ ली विदाई कोलकाता को 110 रनों से रौंदा

**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने कोलकाता नाइट राइडर्स को आईपीएल 2025 के 68वें मुकाबले में 110 रनों से हरा दिया है. दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में हेनरिक क्लासेन के धमाकेदार शतक की बदौलत एसआरएच ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 278 रन बनाए. केकेआर इस लक्ष्य का पीछा करते हुए 18.4 ओवर में 10 विकेट गंवाकर सिर्फ 168 रन बना पाई और 110 रनों से मैच हार गई. इस जीत के साथ हैदराबाद ने जीत के साथ आईपीएल 2025 का अभियान समाप्त किया है जबकि केकेआर को टूर्नामेंट से हार के बाद विदाई लेनी पड़ी है. हैदराबाद से जीत के लिए मिले 279 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए केकेआर की ओर से क्विंटन डी कॉक और सुनील नारायण ने पारी की शुरुआत की लेकिन डी कॉक 9 और नारायण 31 रन बनाकर पवेलियन लौट गए. इसके बाद अजिंक्य रहाणे ने 15 और अंगकृष रघुवंशी ने 14 रन बनाए. रिंकू सिंह 9, आंद्रे रसेल 0, रमनदीप सिंह 13 रन बनाकर चलते बने. टीम के लिए अंत में मनीष पांडे ने शानदार खेल दिखाते हुए 37 और हर्षित राणा ने 34 रनों की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए. हैदराबाद के लिए हर्ष दुबे, जयदेव उनादकट और ईशान मलिंगा ने सबसे ज्यादा 3-3 विकेट हासिल किए. इस मैच में हेनरिक क्लासेन ने शतकीय पारी खेली. उन्होंने 39 बॉल पर 7 चौके और 9 छक्कों के साथ 105 रनों की नाबाद पारी खेली. वो हैदराबाद के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे. उनके अलावा इस मैच में हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा ने 16 बॉल में 4 चौके और 2 छक्कों के साथ 32 रन बनाए. ट्रेविस हेड ने 40 बॉल में 6 चौके और 6 छक्कों के साथ 76 रनों की पारी खेली. ईशान किशन 29 और अनिकेत वर्मा ने 12 रनों का योगदान दिया. केकेआर की ओर से सुनील नारायण ने 2 और वैभव अरोड़ा ने 1 विकेट चटकाया. इस मैच में क्लासेन ने दो खास उपलब्धि हासिल की वो आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए.

## शेयर बाजार में तेजी का माहौल निफ्टी 25 हजार के पार



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ चल रही व्यापार वार्ता की समय सीमा बढ़ाए जाने के वैश्विक स्तर पर व्यापार तनाव घटने की उम्मीद में स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार आज लगातार दूसरे दिन चढ़ गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 455.37 अंक की छलांग लगाकर चार कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,176.45 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 148.00 अंक की तेजी के साथ 25 हजार अंक के पार 25001.15 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत उछलकर 45,111.47 अंक और स्मॉलकैप 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ 51,766.72 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4267 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2301 में लिवाली जबकि 1772 में बिकवाली हुई वहीं 194 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2982 कंपनियों के शेयरों में से 1735 में तेजी जबकि 1173 में गिरावट रही वहीं 74 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूरोपीय संघ के साथ चल रही व्यापार वार्ता की समयसीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है। इस कदम से संभावित नए व्यापार युद्ध की आशंका कम हो गई है, जिसने हाल के दिनों में वैश्विक निवेशकों की चिंता बढ़ा दी थी। विश्लेषकों का मानना है कि यह फैसला विश्व बाजारों में स्थिरता बनाए रखने में मदद करेगा और निवेशकों की भावना को सहारा देगा। ट्रम्प प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम संकेत देता है कि अमेरिका फिलहाल विवाद के बजाय समाधान की दिशा में बढ़ना चाहता है। इनके अलावा भारत के दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की खबर बाजार के लिए निकट भविष्य में मनोबल बढ़ाने वाली होगी। यह न केवल वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करेगा, बल्कि घरेलू स्तर पर भी निवेश भावना को मजबूत करेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत की यह प्रगति मजबूत आर्थिक बुनियाद, सतत सुधारों और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच स्थिर विकास दर का परिणाम है। ऐसे समय में जब कई विकसित अर्थव्यवस्थाएं सुस्ती से जूझ रही हैं।

## एवोकाडो खरीदते समय इन 5 बातों का रखें ध्यान, सही होगा चयन

**लाइफस्टाइल।** एवोकाडो एक पौष्टिक फल है, जो कई पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसे खरीदते समय सही चयन करना बहुत जरूरी है ताकि आपको पका हुआ और स्वादिष्ट फल मिल सके। इस लेख में हम आपको एवोकाडो खरीदते समय ध्यान रखने योग्य पांच महत्वपूर्ण बातें बताएंगे, जिससे आप हमेशा सही एवोकाडो का चयन कर सकें और अपने खान-पान का मजा दोगुना कर सकें।इन सुझावों को अपनाकर आप अपने एवोकाडो का सही उपयोग कर पाएंगे।



**रंग पर ध्यान दें**

एवोकाडो खरीदते समय उसके रंग पर ध्यान देना बहुत जरूरी है पका हुआ एवोकाडो गहरे हरे या काले रंग का होता है, जबकि अधपका एवोकाडो हल्के हरे रंग का होता है। हरे रंग का एवोकाडो कुछ दिनों बाद पकता है इसलिए अगर आप तुरंत इस्तेमाल करना चाहते हैं तो गहरे रंग वाला एवोकाडो चुनें। इसके अलावा अगर आप लंबे समय तक रखना चाहते हैं तो हल्के हरे रंग वाला एवोकाडो बेहतर रहेगा।

**छिलके की स्थिति देखें**

एवोकाडो के छिलके की स्थिति भी अहम होती है।

अगर छिलके पर कोई निशान या खरोंच हो, तो समझ जाइए कि वह फल जल्दी खराब हो सकता है। इसलिए हमेशा बिना निशान वाला एवोकाडो चुनें। इसके अलावा अगर एवोकाडो बहुत ज्यादा मुलायम हो तो उसे न खरीदें क्योंकि ऐसा फल पहले से ही पका हुआ होता है और उसे जल्दी इस्तेमाल करना पड़ता है। सही एवोकाडो चुनने के लिए छिलके की स्थिति का ध्यान रखना जरूरी है।

**आकार पर गौर करें**

एवोकाडो का आकार भी उसके पकने का संकेत देता है। आमतौर पर बड़ा एवोकाडो पका हुआ होता है, जबकि छोटा एवोकाडो अधपका हो सकता है।हालांकि, इसका हमेशा यही मतलब नहीं होता कि छोटा फल अधपका ही होगा। कुछ बार छोटे फल भी पके हुए मिल सकते हैं इसलिए आकार के साथ-साथ रंग और छिलके की स्थिति पर भी ध्यान दें।इस तरह आप सही एवोकाडो का चयन कर सकते हैं और अपने खाने का मजा बढ़ा सकते हैं।

**गंध का अनुभव करें**

एवोकाडो खरीदते समय उसकी गंध का अनुभव करना भी एक अच्छा तरीका हो सकता है। पके हुए एवोकाडो से हल्की मीठी खुशबू आती है, जबकि अधपके एवोकाडो में कोई खास गंध नहीं होती। अगर आपको किसी फल से अच्छी खुशबू आ रही हो तो वह पका हुआ माना जा सकता है। इसके अलावा गंध से यह भी पता चल सकता है कि फल कितनी देर तक ताजा रहेगा।

स्वामी प्रकाशक मुद्रकः स्वाति के लिए इम्प्रेसंस प्रिन्टिग एवं पैकेजिंग लिमिटेड प्लाट नं0ः- बी 5, अमौसी औद्योगिक क्षेत्र कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं 551 झ/66 क रामनगर, आलमबाग लखनऊ-5 से प्रकाशित ।
सम्पादकः- स्वाति मो. 9335210319, 9936300886 vicharnews@gmail.com http:- vicharsuchak.in (सम्पूर्ण विवाद लखनऊ न्याय क्षेत्र से ही स्वीकार्य)

# गंगा किनारे कटान रोकने की तैयारी

## उन्नाव में जियो ट्यूब तकनीक से बन रहा मजबूत बांध, 7 ट्यूब लगाए

**उन्नाव ।** उन्नाव में गंगा नदी के किनारे स्थित शुक्लागंज के रविदास नगर और आसपास के क्षेत्रों में कटान की समस्या से निपटने के लिए सिंचाई विभाग ने कार्य शुरू कर दिया है। बरसात से पहले मर्जिनल बांध का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। सिंचाई विभाग ने आधुनिक जियो ट्यूब तकनीक का उपयोग करते हुए अब तक सात ट्यूब स्थापित किए हैं। आठवें ट्यूब की स्थापना का काम चल रहा है। किनारों पर जियो बैग भी बिछाए जा रहे हैं। ये बैग जलस्तर बढ़ने पर कटान को रोकने में मदद करेंगे। प्रत्येक साल बरसात के मौसम में गंगा का जलस्तर बढ़ने से शुक्लागंज के रविदास नगर, संग्राम खेड़ा, गंगाघाट और रामनगर में कटान की समस्या उत्पन्न होती है। इससे हजारों लोगों की जान-माल को खतरा होता है। पिछले कुछ वर्षों में कटान के कारण कई घर और जमीनें नदी में समा गई हैं।अवर अभियंता के अनुसार, जियो बैग पानी के तेज बहाव में मिट्टी को कटने से बचाते हैं और तटबंध को मजबूत बनाते हैं। यह



तकनीक पानी की दिशा को नियंत्रित करने में भी सहायक है। जियो ट्यूब तकनीक में रेत और सीमेंट से भरे बड़े ट्यूब विशेष तरीके से किनारों पर लगाए जाते हैं। ये ट्यूब पानी का तेज दबाव सहन कर सकते हैं। विभाग का कहना है कि बरसात से पहले यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा।स्थानीय निवासियों ने निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष जताया है। रविदास नगर के निवासी रामशंकर का कहना है कि हर साल लोग डर के साए में जीते हैं, लेकिन इस बार लग रहा है कि प्रशासन और विभाग इस समस्या को गंभीरता से ले रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि काम की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और समय पर इसे पूरा किया जाए।सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता ने बताया कि मौसम को ध्यान में रखते हुए बांध निर्माण कार्य को दो सप्ताह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अधिकारी नियमित निरीक्षण कर रहे हैं और काम की गति बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग का प्रयास है कि इस बार बाढ़ से पहले सारी तैयारियां पूरी कर ली जाएं और लोगों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके।

## उन्नाव में पुलिस का मानवीय चेहरा : हादसे में बच्ची की मौत, कोतवाली प्रभारी ने दी मदद, भाई-बहन की पढ़ाई का जिम्मा भी लिया



**उन्नाव ।** उन्नाव के सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने मानवीय पहल की है। कोतवाली प्रभारी एस.एन. त्रिपाठी ने सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाली 6 वर्षीय बच्ची के परिवार को आर्थिक सहायता दी है। नैनीखेड़ा निवासी संजय राजपूत की बेटी अंशिका की 22 अप्रैल को पिकअप लोडर की टक्कर से मौत हो गई थी। वाहन की चपेट में आने से बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी ने मृतक बच्ची के भाई-बहन की पढ़ाई का जिम्मा उठाया है। उन्होंने दोनों बच्चों को स्कूल बैग, किताबें और यूनिफॉर्म दी है। साथ ही दोनों बच्चों को 10-10 हजार रुपये की सहायता भी प्रदान की है। 27 मई को थाना प्रभारी ने बच्ची के माता-पिता को थाने बुलाकर यह राशि सौंपी लोगों ने की सराहना इस मौके पर गांव के पूर्व प्रधान दिनेश सहित कई स्थानीय लोग मौजूद थे। स्थानीय नागरिकों ने कोतवाली प्रभारी की इस पहल की सराहना की है। उनका कहना है कि ऐसी संवेदनशील कार्रवाई से पुलिस के प्रति जनता का विश्वास बढ़ता है।

## *वायरल हुए समाचार पर भड़के भू माफिया, वादी के घर जा किया तांडव, कहा मुकदमा वापस लो वरना सबको जेल भेज देंगे*

विचार सूचक ब्यूरो

उन्नाव। विगत दिन भू माफियाओं व राजस्व परिषद के कुछ भ्रष्ट अधिकारियो द्वारा एक जूट हो कैसे सरकारी भूमि को हड़प्पा जाता है और आसंक्रमणी भूमि के दस्तावेज को आधार मानकर की गई दाखिल खारिज व जो भूमि सरकार के खाते में नियम अनुसार व कानून के आधार पर जानी थी और तो और सक्षम न्यायालय द्वारा उक्त भूमि पर स्टे के चलते विक्रय पत्र लिखा जाना और उसकी भी दाखिल खारिज हो जाना क खेल वायरल हुए समाचार में उल्लेख किया गया था जिस पर भूमाफियाओं द्वारा समाचार का संज्ञान लेते हुए आनन-फानन उक्त भूमि संबंधित विवाद जो श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय सदर उन्नाव के यहां मुकदमा दायर करता के घर पहुंच घर में मिली अकेली महिला के सात उतंदता का तांडव खेल मोहम्मद अख्तर निवासी ग्राम थाना जो हाफिज नाम से विख्यात है मोहम्मद खालिद व मुलुकराज यादव सहित आदि लोगों द्वारा उसको डरा धमका कर ये कहा गया कि अपना मुकदमा वापस ले लो वरना तुम लोगों के ऊपर इतने फर्जी मुकदमे लिख दिए जाएंगे थाना माखी में की जिंदगी भर जेल में बैठे रहोगे जिसके चलते महिला बेहोश हो गई थी बाद में आए उसके पति रवि शंकर को जब उक्त विषय की जानकारी हुई तो वहां ग्रामीणों व पीड़ित पक्ष द्वारा रात्रि में 112 डायल कर पुलिस को अवगत कराया जिस पर पहुंची पुलिस ने छानबीनकर निर्भय होकर रहने का आश्वासन दिया और कहा कि कल सुबह थाने जाकर उक्त गुंडों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दे हम लोग करवाई कर गुंडो को सबक



सिखाएंगे जिसके चलते पीड़ित पक्ष द्वारा थाने पहुंच बीती घटना बता मोहम्मद अख्तर (हाफिज), मोहम्मद खालिद, मुल्क राज यादव आदि के खिलाफ प्रार्थना पत्र दे न्याय की गुहार लगाई आरोपी द्वारा बताया गया कि इन भूमाफियाओं के ऊपर पहले से कई मुकदमे कायम है लेकिन इनको पुलिस पकड़ती नहीं है यह लोग कई लोग कई लोगों की जमीन हड़प चुके हैं अब हमारे जमीन के पीछे भी पड़े हैं और रही बात जो यह फर्जी बैनामा 2007 का लेकर घूम रहे हैं जिसमें मुन्नी, अख्तर की पत्नी शमा वह साधना सिंह उल्लेख है इनको हमारे पिताजी ने कभी जमीन बेची ही नहीं जहां 2007 का बैनामा लेकर जो देख रहे हैं उसके गवाह ने स्वयं माननीय मुख्यमंत्री जी को पत्र भेज कर शिकायत की है उक्त बैनामा हमारे पिताजी की अज्ञानता में उनसे चछल पूर्वक कराया गया था और इन्होंने जमीन हड़पने के लिए हम लोगों पर सभी उच्च न्यायालय में सही तथ्य न बताकर सन 2023 में हम लोगों पर मुकदमा पंजीकृत कराया था जिस पर पुलिस द्वारा जांच में बताया गया कि इन लोगों ने आसंक्रमणी बैनामा कराया है हम लोगों को इसीलिए यह परेशान करते हैं जान से मारने की धमकी देते हैं कि हम लोग मुकदमा छोड़ दें और यह जमीन हड़प ले जबकि इस जमीन का बैनामा हमारे पिताजी द्वारा सन 2020 में जब यह भूमि असंक्रमणि से संक्रमणी भूमि भूमि दर्ज हुई थी और इस पर कई लाख रुपया बैंक का कर्ज भी था जो हमारे पिताजी द्वारा सन 2014 में लिया गया था जिसके चलते हमारे पिता ने सन 2020 में उक्त भूमि को विजय कांति, चांदनी, कुंती को रजिस्टर्ड बैनामा भी किया था और विजय कांति द्वारा उक्त भूमि पर जो बैंक का लाखों रुपए कर्ज था वह भी अपने खाते से बैंक को अदा किया गया था इसलिए हम लोग भी चाहते हैं कि यह भूमि हमारे पिताजी ने जिसके हाथ बेचा है उसी को मिले और जो यह लोग लिखा पड़ी लिए घूम रहे हैं जिसके आधार पर दाखिल खारिज भी कराई वह हमारे पिताजी के संज्ञान में नहीं था कभी उनसे धोखे में लिखी गई और वैसे भी उसे समय वह भूमि सरकार की थी तो हमारे पिताजी को बेचने का कोई प्रश्न ही नहीं उठाता जिसका मुकदमा हमारे पिताजी द्वारा सी जे एम कोर्ट में दायर भी किया था लेकिन हमारे पिता की मुकदमा फैसला के बीच में ही मौत हो गई थी अब हम लोगों को बड़ा डर लग रहा है क्योंकि यह लोग समाजवादी पार्टी के बड़े नेता हैं और बड़े दबंग प्रवत्ति के लोग हैं यह किसी को मार भी सकते हैं और कुछ भी कर सकते हैं क्योंकि इनकी हर जगह सेटिंग गेटिंग रहती है जिसके चलते इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती

## शादी में भोजन करने गए युवक को पीटकर अधमरा किया

**आजमगढ़।**अहरौला थाना क्षेत्र के एक मैरेज हाल में बीते रविवार को बारात आयी थी जहां दाऊदपुर गांव का एक युवक खाना खाने पहुंचा आरोप है कि मैरेज हाल मालिक ने युवक को जमकर पीटकर अधमरा कर दिया घायल युवक द्वारा बारातीयों के गाड़ी पर ईंट फेककर शीशा तोड़ने का आरोप है। मौके पर 112 पर सूचना दी गई आरोप है कि गुस्साए बारात के लोग युवक को गाड़ी में मारते पीटते लेआकर थाने के सामने छोड़ गये जहां से परिजन भोर में उठाकर वेहीशी की हालत में घर ले गए सोमवार की सुबह सीएचसी अहरौला में भर्ती कराया गया घायल युवक की मां शोभा पत्नी रामनारायन ने थाने में मैरेज हाल मालिक सहित दो लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।वही प्राथमिक उपचार के बाद घायल प्रभुनाम (20)को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष अहरौला प्रदीप कुमार ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कि जा रही है।वही रेफर प्रभुनाथ को परिजन टैंपो से लेकर जिला अस्पताल जा रहे थे जब उनसे एम्बुलेंस सेवा के बारे पुछा गया तो परिजनों ने बताया कि 108 एम्बुलेंस सेवा के लोग रेफर बनाने वाले डाक्टर से बात करने को कह रहे थे डाक्टर ने बात नहीं कि कहा कि आप प्राईवेट वाहन से लेकर जाओ इस संबंध में जब सीएचसी अधीक्षक डॉ मोहनलाल से पुंछा गया तो उन्होंने बताया कि घायल प्रभू नाथ को पुलिस संरक्षण में एक्सरे रिपोर्ट को जिला अस्पताल रेफर किया ।

# संक्षिप्त समाचार

## जिला वृक्षारोपण समिति, पर्यावरण समिति एवं गंगा समिति की बैठक सम्पन्न

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को विकास भवन सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति, पर्यावरण समिति एवं गंगा समिति की बैठक की गयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण हेतु जिन विभागों को जो भी लक्ष्य दिये गये हैं, वह उसके अनुरूप गड्ढा खुदाई का कार्य ससमय कर लें, हरीतिमा ऐप पर लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत जीओ टैगिंग कराना सुनिश्चित करें, समस्त राजकीय, निजी स्वास्थ्य केन्द्रों, अस्पतालों तथा पशु चिकित्सालयों में उत्पन्न होने वाले जैव चिकित्सा अपशिष्ट मानक के अनुसार निस्तारित किया जाये, उद्योगों द्वारा खतरनाक अपशिष्ट को नदियों व तालाबों में जाने से रोकने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये, खनिज परिवहन से उत्पन्न होने वाले फ्लाईऐस के नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाये, नदियों को स्वच्छ निर्मल व अविरल रखने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाये, कृषि विभाग द्वारा सोन नदी के किनारे बसे गांवो में किसानो को आरगैनिंक प्राकृतिक खेती हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाये। इस मौके पर डीएफओ राबर्ट्सगंज कुंज बिहारी वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला कृषि अधिकारी हरेकृष्ण मिश्र, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## रोजगार मेला 28 को

**सोनभद्र।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने अवगत कराया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार देने के लिए 28 मई,2025 को प्रातः 10.00 बजे से जिला सेवायोजन कार्यालय, खुशबू बाग नर्सरी रोड (जिला अस्पताल के सामने) लोढी, राबर्ट्सगंज के परिसर में रोजगार मेला का आयोजन किया गया है, जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 16 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी जिसमें सी0पी0पी0एल0, राबट्र्सगंज, सोनभद्र, सूद ऑटोमोबाईल्स, राबर्ट्सगंज, नवर्ण भारत प्रा0 लि0, नोएडा, वोन इण्डिया सर्विसेज प्रा0 लि0, नोएडा, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लि0, राबर्ट्सगंज, डीसेट्स, फरीदाबाद, शिव शक्ति एग्रीटेक लि0 वाराणसी, एस0बी0आई0 कार्ड, वाराणसी, मीडलैण्ड माइक्रोफीन, राबर्ट्सगंज, वज्ज एल0ई0डी0 सोल्यूशन्स प्रा0लि0, राबट्र्सगंज, सोलेरा इण्डस्ट्रीज प्रा0लि0, मधुपुर, विश्वनाथ इण्टरप्राईजेज (रॉयल इनफिल्ड), राबर्ट्सगंज, नेशनल सेक्योरिटी सर्विसेज, राबर्ट्सगंज, स्वास्तिक इण्टरप्राईजेज, राबर्ट्सगंज, अर्ष इण्टरप्राईजेज, राबट्र्सगंज, एवं श्रीराम फाईनेन्स, राबर्ट्सगंज, इत्यादि कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएगी। समस्त इच्छुक एवं योग्य बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार नियोजकों द्वारा जिला सेवायोजन कार्यालय, खुशबू बाग नर्सरी रोड (जिला अस्पताल के सामने) लोढ़ी, राबट्र्सगंज के परिसर में लिया जायेगा। यह रोजगार मेला पूर्णतः निःशुल्क है, इस हेतु कोई यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

## छात्र-छात्राओं को समर कैम्प में दिए प्रशिक्षण



**सोनभद्र।** बदलते हुए परिवेश में दुषित परिवेश में शरीर को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी हो गया है, जिसके लिए योगा अभ्यास द्वारा शरीर को स्वस्थ रखने का प्रयास। कम्पोजिट विद्यालय तकिया दरगाह, ब्लॉक करमा, जिला उ0प्र0 में सोमवार को समर कैम्प का प्रशिक्षण देते हुए,रवीन्द्र बहादुर सिंह अनुदेशक, बृजेश चंद्र मिश्रा अनुदेशक बेहतर कार्य से जागरूक किये। समर कैम्प में ग्राम सभा तकिया बीडीसी रेनू मौर्या व कोशिश आर्ट वेलफेयर सोसायटी उ0प्र0 टीम का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ समर कैम्प मे। अभिभावक ऐसी पहल से अत्यधिक प्रभावित है, और भरपूर सहयोग कर रहे है समर कैम्प में। वही बृजेश चंद्र मिश्रा अनुदेशक ने बताया कि सर्वांगीण विकास के लिए योग भी मनुष्य के जीवन के लिए अनिवार्य भाग है जिसको लेकर शिविर के माध्यम से छात्राओं को प्रेरित व प्रशिक्षण के माध्यम से सिखाया पढ़ाया जा रहा है और प्रेरित करते हुए उनको जागरूक भी किया जा रहा है कि वह प्रतिदिन योगाभ्यास करें जिससे भविष्य में किसी प्रकार से बीमारी से ग्रसित ना हो पाए और उत्तेजित ऊर्जा के साथ शिक्षा क्षेत्र में आगे बढ़ते रहे जिसमें अभिभावकों का भी काफी भूमिका सहयोग साथ छात्रों के प्रति देखने को मिल रहा है।

## मां-बाप के साथ ससुराल में पहुंची दुल्हन की पिटाई

**आजमगढ़।** जानकारी के अनुसार आजमगढ़ जिला के नगर पालिका परिषद बिलरियागंज के भागलपुर वार्ड में गाजी मियां के मेला के स्थान रौजा पर रविवार की शाम किसी बात को लेकर महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हुई इसमें एक पक्ष से तहरीम बानो पत्नी रिजवान अहमद भगतपुर और तलीमुल निशा पत्नी सोहराब अहमद तथा सोहराब अहमद पुत्र अली अहमद मस्जिदिया थाना निजामाबाद बुरी तरह से घायल हो गए। इस संबंध में घायल तहरीम बानो ने अपने पटीदार शाहनवाज पुत्र इमरान व इमरान पुत्र स्वर्गीय नेयाज तथा शारिक पुत्र इमरान व हया पुत्री इमरान को नाम जद किया है। तहरीम बानो ने बताया कि उसका पति इस समय बाहर रहता है रविवार को वह अपने माता-पिता के साथ अपने ससुराल बिलरियागंज थाना क्षेत्र में अपना बंद मकान देखने आई थी। जब खिड़कियों का सीसा वगैरा टूटा देखा तो पड़ोसियों से पूछना चालू किया इस बात को लेकर पड़ोस की महिला भड़क गई और आपस में जमकर विवाद की । विवाद मारपीट में बदल गया जिसमें तहरीम बनो और उसके पिता सोहराब का सर फट गया और श्रीर मे काफी चोटें आई तथा उसकी माता तालीमून निशा को भी काफी चोट आई इस संबंध में तहरीम बानो ने बिलरियागंज थाने में रौजा भगतपुर निवासी शाहनवाज इमरान शरीक और हया के नाम नामजद प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाइ है।

## शिक्षकों का यह दायित्व है कि वह बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करें- जिलाधिकारी

**आजमगढ़।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आज लोक भवन लखनऊ से प्रदेश में 39 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नवनिर्मित भवनों/अतिरिक्त डॉरमेट्री का लोकार्पण एवं 43 मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों एवं 66 मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया, इसके साथ ही मा0 मुख्यमंत्री जी ने ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु प्रति छात्र-छात्रा रू0 1200 की धनराशि उनके माता-पिता/अभिभावक के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार-।।, मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना एवं जिलाध्यक्ष लालगंज श्री अरविन्द राजभर जी की उपस्थिति में किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद आजमगढ़ में बेसिक शिक्षा के लगभग 2700 विद्यालय हैं। उन्होने कहा कि निरीक्षण में पाया गया है कि विद्यालयों में पंजीकृत छात्र/छात्राओं के सापेक्ष 70 प्रतिशत बच्चे ही स्कूल आते हैं, सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा के विद्यालयों में ड्रेस, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी, मिड-डे-मिल आदि मुफ्त दिये जाने के बाद भी विद्यालयों में कम उपस्थिति संतोषजनक नही है। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अन्तर्गत विद्यालयों में फ्री में हेल्थ चेकअप भी किया जाता है, विद्यालयों मे आरबीएसके की टीम जाकर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करती है। इसके साथ ही गम्भीर बिमारी मिलने पर सेकेण्डरी ईलाज, जिसमें टीम द्वारा अच्छे अस्पतालों में बच्चों का ईलाज एवं सर्जरी करायी जाती है। जिलाधिकारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा के 2700 स्कूलों में लगभग 3 लाख छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। उन्होने कहा कि समीक्षा में पाया गया है कि लगभग 30 हजार बच्चों का आधार सत्यापन नही हो पाया है, इसके लिए जिन बच्चों का आधार नही बना है, उन सबका जल्द से जल्द आधार बनवायें। उन्होने कहा कि जो बच्चे यहां नही रहते हैं, उनका नाम हटा दें, जिससे हमारे उपस्थिति का प्रतिशत बढ़ेगा। जिलाधिकारी ने अध्यापकों से कहा कि ग्रामों में जाकर अभिभावकों से मिलें और उनके बच्चे के लिए सरकार द्वारा विद्यालयों में दी जाने वाली सुविधाओं के विषय में जागरूक करते हुए बच्चों का अधिक से अधिक नामांकन विद्यालयों में करायें एवं शिक्षक का यह दायित्व है कि वह बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करें। इसके लिए शिक्षकों को मोटिवेट होने की जरूरत है। उन्होने कहा कि खण्ड शिक्षा अधिकारी ब्लाक स्तर पर पाजीटिव सुपरवाइजरी रोल को बेहतर करें, जिससे शिक्षक भी पढ़ाने हेतु एक्टिवेट हों, और बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले एवं बच्चों की




उपस्थिति बढ़े, तब जाकर सरकार की मंशा पूरी तरीके से फलीभूत होगी। उन्होने कहा कि विद्यालयों का बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर आपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत अच्छी हो गयी है, शिक्षक लगभग हर जगह हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के 2700 स्कूलों में से लगभग 980 स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत कई तरीके के एक्टिविटी चल रही है। उन्होने कहा कि समर कैम्प बच्चों के अन्दर की प्रतिभा को एक मंच प्रदान करता है। उन्होने कहा कि 793 विद्यालय निपुण घोषित हैं, 404 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास चल रहे हैं, 168 विद्यालय आईसीटी लैब से आच्छादित हैं तथा 17 विद्यालय पीएम श्री के अन्तर्गत हैं, जिसमें स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, खेल का मैदान आदि सुविधायें दी जा रही हैं। उन्होने कहा कि 793 निपुण विद्यालयों में से 110 निपुण विद्यालयों, 66 आईसीटी लैब से आच्छादित विद्यालयों, 66 समर कैम्प आयोजित करने वाले विद्यालयों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होने कहा कि सम्मान देना एक मोटिवेशन है, आज जिन लोगों ने अच्छा किया है, उनको सम्मानित किया जा रहा है एवं जो लोग अच्छा नही कर रहे हैं, वे और अच्छा करें, ताकि आगे उनको भी सम्मानित किया जाए। उन्होने कहा कि आगामी 15 अगस्त को भी जिला प्रशासन द्वारा अच्छे अध्यापकों/प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि जनपद में विद्यालयों के अन्दर छात्रों का नामांकन बढ़े और निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत हमारा जनपद ग्रेड ए में आये। यह तभी सम्भव है जब हम अभिभावकों को योजनाओं की जानकारी देंगे, शिक्षकों को मोटिवेट रखेंगे एवं बच्चों को अच्छी शिक्षा देंगे। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री कम्पोजिट मॉडल स्कूल जिसमें कक्षा 01 से लेकर 12 तक की शिक्षा दी जायेगी, जिसके लिए ऐसे 04 स्कूल का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है और हमें आशा है कि जल्दी ही स्वीकृत होकर आ जायेगी, तो इस जनपद को भी अटल आवासीय विद्यालय की तर्ज पर मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय मिलेगा, जिससे बच्चों को और बेहतर शिक्षा मिलेगी।इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा स्मार्ट क्लास में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों में कम्पोजिट विद्यालय सराय मोहन, कम्पोजिट विद्यालय फूलपुर, प्रा0वि0 महुआर, तहबरपुर, कम्पोजिट विद्यालय मल्लूपुर बिलरियागंज, उ0प्रा0वि0 बाजार गोसाईं, कम्पोजिट विद्यालय जमुआरी हरैया, उ0प्रा0वि0 सुराही बुजुर्ग मिर्जापुर, उ0प्रा0वि0 बिंदवल बिलरियागंज, कम्पोजिट विद्यालय खुरासो अहिरौला, उ0प्रा0वि0 बभनौली माफी पल्हनी, निपुण विद्यालयों में कम्पोजिट विद्यालय जहनियापुर मुहम्मदपुर, कम्पोजिट विद्यालय जाफरपुर, कम्पोजिट विद्यालय जोकहरा हरैया, कम्पोजिट विद्यालय सरायमीर मिर्जापुर, प्रा0वि0 एकरामपुर पल्हनी, प्रा0वि0 गहुनी मेंहनगर, प्रा0वि0 गयासपुर पल्हनी, समर कैम्प के आयोजन में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों में कम्पोजिट विद्यालय लूसा मुबारकपुर मुहम्मदपुर के शिक्षक मुदिता व राजेश्वर, कम्पोजिट विद्यालय खराटी मुहम्मदपुर के शिक्षक सुनीता चौहान, कम्पोजिट विद्यालय ठेकमा के शिक्षक राज बहादुर सिंह, कम्पोजिट विद्यालय रोवा मुहम्मदपुर के शिक्षिका नीतू बरनवाल, कम्पोजिट विद्यालय धरवारा जहानागंज की शिक्षिका किरन यादव, उ0प्रा0वि0 जहानागंज की शिक्षिका माधुरी सिंह, उ0प्रा0वि0 करनपुर के शिक्षक रूपम, उ0प्रा0वि0 लेडूपार के शिक्षक दीपक सिंह, प्रा0वि0 अरांव गुलजार कोयलसा के शिक्षक शैलेश सिंह एवं प्रा0वि0 लारपुर तहबरपुर के शिक्षक लल्लन यादव को प्रतिकात्मक रूप से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, जिलाध्यक्ष लालगंज अरविन्द राजभर, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, बीएसए राजीव पाठक, डायट प्राचार्य सहित संबंधित अधिकारी एवं शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## अहिल्याबाई ने अपना जीवन भगवान शिव को किया था समर्पित-प्रभारी मंत्री

**सोनभद्र।** पुण्यश्लोक लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर के 300 वीं जयन्ती स्मृति अभियान के अंतर्गत उनके द्वारा किये गये प्रेरणादायी कार्यो के जीवन दर्शन पर पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन का आयोजन डी आर ड्रीम्स हॉल राबट्र्सगंज में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे बतौर मुख्यअतिथि राज्यमंत्री उ0प्र0 सरकार व प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल मौजूद रहे। सम्मेलन का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी व लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर किया। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल संचालन जिला महामंत्री/कार्यक्रम संयोजक रामसुन्दर निषाद ने किया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि जिला प्रभारी मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि न्यायप्रिय प्रशासक, सामाजिक कुरीतियों से जीवन पर्यंत लड़ने वाली नारी सम्मान एवं प्रतिष्ठा की प्रतिक महारानी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के अवसर पर उनके जीवन पर्यंत कार्यों को से अवगत होने का अवसर प्राप्त हुआ है। उनके द्वारा समाज कल्याण के लिए किए गए अनेक अनेक कार्यों को छिपाने का प्रयास पूर्ववर्ती सरकारों ने किया किंतु भारतीय जनता पार्टी की सरकार देश के समस्त महान विभूतियां के कार्यों को नमन करती है व आम जनमानस तक उनके किए कार्यों जीवन वृतांत को बताती है। उनके जीवन का कण कण पल पल मानव कल्याण के लिए लगा 300 वर्ष पूर्व उन्होंने कुआ, तालाब, बावड़ी बनवाई नारी सम्मान के लिए अनेक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया न्याय प्रियता की प्रतीक बनी अपने जीवन में 26 वर्षो तक का सुशासन का आदर्श प्रस्तुत किया न्याय के लिए अपने पुत्र को भी मृत्यु दंड दिया देशभर में मंदिरों शिवालियों का निर्माण एवं जीणोद्धार कराया नारी शिक्षा को बढ़ावा दिया बाल विवाह, विधवा विवाह, सती प्रथा जैसी अनेक कुरूतियो के लिए संघर्ष किया महिला पुरुषार्थ के लिए अपनी सेना में महिलाओं की भर्ती कर राष्ट्र की रक्षा में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित किया वास्तव में अहिल्याबाई होल्कर दूरदर्शी महिला थी जिनसे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए एमएलसी विनीत सिंह ने कहा कि सनातन समाज के साथ साथ देशहित के लिए अहिल्याबाई होल्कर ने जो कार्य किया है, उसे लंबे समय तक याद किया जायेगा आज की महिलाओं को अहिल्याबाई होल्कर के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। देश समाज महिला शोषित वंचित व सनातन धर्म के विकास पर उनका विशेष ध्यान रहा है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी अनिल सिंह ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर एक कुशल प्रशासिका और न्यायप्रिय शासक रही अहिल्याबाई ने अपना जीवन भगवान शिव को समर्पित कर दिया था वे शासकिय कार्यो मे अपने हस्ताक्षर की जगह भगवान शिव का नाम लिखती थी।

## आर्य समाज स्कूल समबूला के साथ पूरे फिजी मे हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया 146वा गिर्मिटिया दिवस

**आजमगढ़।** भारत देश की गौरव गाथा और गौरवशाली पूर्वांचल की संस्कृति और महिमा के लिए गिरमिटिया मजदूर के रूप में 146 साल पहले फीजी और अन्य देशों में गए भारत के पूर्वजों के सम्मान में फीजी देशवासियों ने अलग-अलग स्थानों पर अपने पूर्वजों के याद में गिरमिटिया यादगार दिवस को विभिन्न झांकियों के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। जिसका संपूर्ण संचालन और आयोजन कोऑर्डिनेटर श्री राज बिंद्रा सिंह और हेडमास्टर श्री प्रवीण कपूर के नेतृत्व में स्कूल के बच्चों द्वारा नाटक,गीत,संगीत और झांकियों से गिरमिटिया वंशजों को नमन किया गया। जिसके मुख्यअतिथि फिजी देश की केंद्रीय हिंदी टीचर्स एसोसिएशन की अध्यक्षा, यूनिवर्सिटी ऑफ़ फीजी की छात्रा रही,फीजी डी.ए.वी. गर्ल्स कॉलेज की अंग्रेजी और



हिंदी की शिक्षिका सुश्री सुऐता दत्त चौधरी जो भारत के अंतरराष्ट्रीय संयोजक अरविंद श्रीवास्तव चित्रांश के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के विशेष सहयोगी भी है।गौरवशाली पूर्वांचल के प्रधान संपादक एवं प्रभारी,अंतरराष्ट्रीय संयोजक अरविंद चित्रांश ने कहा कि हमारे ही पूर्वज विदेशों में जाकर अपनी प्रतिभा,संस्कृति की गौरव गाथा और संघर्षो को भूले नहीं हैं।अपने गिरमिटिया पूर्वजों की याद में आज भी वह भारत को बड़े ही सम्मान के दृष्टि से देखते हैं। फीजी गिरमिटिया यादगार दिवस के मुख्य अतिथि सुश्री सुऐता दत्त चौधरी ने कहा की हमें कभी नहीं भूलना चाहिए कि हम अपने पूर्वजों के जीते-जागते सपने हैं। हम पर यह जिम्मेदारी है कि हम उनकी विरासत को एकता,शिक्षा, सम्मान और सांस्कृतिक गौरव के माध्यम से आगे बढ़ते रहें। हम उन्हें सिर्फ शब्दों से नहीं, बल्कि अपने कर्मों से सम्मान दें। दयालु, परिश्रमी और सम्मानजनक नागरिक बनकर। यहाँ उपस्थिति सभी विद्यार्थियों तुम ही कल की आशा हो। अपने इतिहास को जानो,अपनी जड़ों का सम्मान करो और हमेशा सिर ऊँचा रखकर चलो, क्योंकि तुम्हारे पूर्वज धैर्य और शक्ति के सच्चे योद्धा थे।जिसे हम नमन करते हैं। और अंत में? मैं अपने हृदय की गहराइयों से भारत से आए सभी गिरमिटिया पूर्वजों को नमन करती हूँ।उनका साहस हमें हमेशा प्रेरणा देता रहे और उनके बलिदान कभी भूले ना जाएँ।